

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 195 | ग्वालियर बुधवार 22 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




(1935-2020)

## नम आंखों के साथ राज्यपाल लालजी टंडन को अंतिम विदाई , मप्र में 5 दिन का राजकीय शोक

**पीएम मोदी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी सीएम शिवराज सिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि**





**लखनऊ, भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन को नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी गई। गोमती तट गुलाला घाट पर लालजी टंडन का अंतिम संस्?कार किया गया। दोपहर एक बजे उनका पार्थिव शरीर चौक सोंधी टोला आवास पर ले जाया गया। यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रद्धांजलि दी। शाम साढ़े चार बजे उनका अंतिम संस्कार गुलालाघाट पर किया गया। उनके छोटे पुत्र अमित टंडन ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन की सूचना मिलते ही लखनऊ में शोक छा गया। सुबह 9.30 बजे उनका पार्थिव शरीर त्रिलोकनाथ रोड स्थित आवास लाया गया। विपक्ष में होने के दौरान उन्हें यह बंगला आवंटित किया गया था, जहां वह शाम चार से रात आठ बजे तक बैठते थे। बाद में यह बंगला उनके पुत्र आशुतोष टंडन को मंत्री होने पर आवंटित हो गया था। टंडन का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में सुबह 5.35 बजे निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और उन्हें 11 जून को स्वास्थ खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, तभी से वे अस्पताल में थे। राष्टपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सीए शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भोपाल में हुई कैबिनेट की बैठक में सीएम सहित सभी मंत्रियों ने कैबिनेट की बैठक में राज्यपाल को श्रद्धांजलि दी और प्रदेश में 5 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। इसके बाद उनके सम्मान में आज शासकीय कार्यालय बंद रखने की घोषणा की।सीएम शिवराज और मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने लखनऊ पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लालजी टंडन के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि देश ने एक लोकप्रिय जन नेता, योग्य प्रशासक एवं प्रखर समाजसेवी को खोया है, वो लखनऊ के प्राण थे। उन्होंने लालजी टंडन के निधन पर 3 दिन का राजकीय शोक की घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक 11 जून को बुखार होने पर परिजनों ने उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शुरुआती पड़ताल में डॉक्टरों को पेशाब में संक्रमण का पता चलने पर इलाज शुरू किया। जांच के दौरान राज्यपाल के लिवर में दिक्कत पाए जाने पर सीटी गाइडेड प्रोसीजर किया गया। इस दौरान पेट में रक्त का स्राव बढ़ गया, जिसके चलते उनका इमरजेंसी में ऑपरेशन किया गया था। 13 जून को उनका ऑपरेशन किया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। बीच में दो दिन बाई-पैप मशीन पर रहे। हालत में सुधार न होता देख दोबारा वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर के मुताबिक लालजी टंडन का किडनी फंक्शन पहले से गड़बड़ा गया था। ऐसे में डायलिसिस करनी पड़ रही थी। वहीं, अब लिवर का फंक्शन भी गड़बड़ हो गया था। गौरतबल है कि मई 2004 में मध्य प्रदेश में राज्यपाल रहते हुए रामप्रकाश गुप्त का भी निधन हुआ था। वे भी लखनऊ के निवासी थे।

### पांच दिन का राजकीय शोक

राज्यपाल श्री लालजी टण्डन के अवसान पर प्रदेश में पांच दिन 21 से 25 जुलाई तक राजकीय शोक घोषित किया गया है। आज मंगलवार समस्त शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिपरिषद बैठक में यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल श्री टण्डन के अवसान पर शोक स्वरूप आज की मंत्रिपरिषद बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा न कर स्थगित की गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक 22 जुलाई को होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्र ध्वज झुके रहेंगे। राजकीय शोक की अवधि में प्रदेश में मनोरंजन के कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

### आखिरी झलक पाने के लिए बेताब दिखे लोग



मेदांता अस्पताल से टंडन का शव सवा दस बजे उनके हजरतगंज में त्रिलोकीनाथ रोड स्थित उनके सरकारी आवास पर लाया गया। राज्यपाल के पुत्र और योगी सरकार में मंत्री आशुतोष टंडन ने लोगों से अपील की थी कि, कोरोना संकट काल के कारण लोग अपने घरों में रहकर पूज्य बाबूजी के लिए प्रार्थना करें। लेकिन उनके अंतिम दर्शन के लिए तमाम उनके चाहने वाले पहले ही पहुंच चुके थे। सबसे पहले उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पहुंचे। उसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के तमाम मंत्रियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा अंतिम दर्शन करने के लिए लगा रहा।

**राजस्थान का राजा मान सिंह एनकाउंटर केस**

## 35 साल बाद 11 पुलिसकर्मी दोषी करार, आज सुनाई जाएगी सजा



**जयपुर।** राजस्थान के चर्चित राजा मान सिंह हत्याकांड में 35 साल बाद मंगलवार को फैसला आ गया। मथुरा की जिला अदालत ने तत्कालीन डीएसपी कान सिंह भाटी समेत 11 पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी माना। सजा बुधवार को सुनाई जाएगी। इस मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया है। मान सिंह भरतपुर के पूर्व राजघराने से थे। वे सात बार विधायक थे। एनकाउंटर के दो दिन बाद 23 फरवरी 1985 को तत्कालीन सीएम शिवचरण माथुर को इस्तीफा देना पड़ा था। तब हीरालाल देवपुरा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। कोर्ट के फैसले पर राजा मान सिंह की बेटी और पूर्व पर्यटन मंत्री कृष्णेंद्र कौर दीपा ने कहा कि देर से ही सही, लेकिन न्याय मिला है। पूर्व मंत्री कृष्णेंद्र कौर ने मुकदमा प्रभावित होने की आशंका के चलते नवंबर 1989 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और यह पूरा मामला 10 जनवरी 1990 को मथुरा ट्रांसफर हो गया था। राजा मानसिंह का जन्म 5 दिसम्बर 1921 को भरतपुर रियासत में हुआ। वे सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट रहे। 1952 में पहली बार निर्दलीय विधायक बने थे। 1984 तक लगातार सात बार निर्दलीय विधायक रहे। 20 फरवरी 1985 को विधानसभा चुनाव में डीग से कांग्रेस उम्मीदवार रिटायर्ड आईएएस ब्रिजेंद्र सिंह के पक्ष में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की सभा थी। राजा मान सिंह निर्दलीय उम्मीदवार थे। कांग्रेस समर्थकों ने राजा मान सिंह के झंडे को हटाकर कांग्रेस का झंडा लगा दिया, जो उन्हें नागवार गुजरा। राजा मान सिंह ने चौड़ा बाजार में सभा मंच तथा हायर सेकंडरी स्कूल में खड़े हेलिकॉप्टर को जीप से टक्कर मार दी थी।

## हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बिजली गिरी, ढह गई 80 फीट की दीवार



**हरिद्वार।** उत्तर भारत में मौसम ने करवट ली है और मॉनसून के कारण अब काफी जगह बारिश हो रही है. उत्तराखंड में भी तेज बारिश को लेकर लगातार अलर्ट जारी किया गया है. इसी बीच हरिद्वार की मशहूर हर की पौड़ी पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण भारी नुकसान हुआ है. यहां बिजली गिरने से पूरी दीवार गिर गई और पूरे क्षेत्र में मलबा फैल गया. मौसम विभाग की ओर से पहले ही अलर्ट जारी किया गया था. सोमवार देर रात को हरिद्वार में आकाशीय बिजली गिरी, जिससे हर की पौड़ी पर 80 फीट की दीवार गिर गई. ये हादसा हर की पौड़ी में ब्रह्मकुंड के पास हुआ.

## वाराणसी में मुस्लिम महिलाएं गीत गाकर बना रहीं मोदी राखियां, चीनी राखी का बहिष्कार



**वाराणसी।** वर्ष 2013 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तक से काशी की मुस्लिम महिलायें मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में मोदी राखी बनाकर भेज रही हैं। अब यह परम्परा में शामिल हो गया। राखी का त्योहार वैसे तो भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है, लेकिन रक्षा सूत्र का सम्बन्ध बहनों के साथ-साथ देश की रक्षा से भी है। चीन की धोखेबाजी और विस्तारवादी नीति से नाराज मुस्लिम महिलाओं ने न सिर्फ चीनी राखी के बहिष्कार की घोषणा की बल्कि उसका विकल्प भी दिया।

## गृहमंत्री से शिकायत के बाद ममता का केंद्र पर वार, कहा- यूपी में क्या चल रहा है



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी और राज्यपाल के बीच चल रही खींचतान जग जाहिर है ऐसे में एक दिन पहले राज्यपाल जगदीप धनखड़ की तरफ से गृहमंत्री अमित शाह को मिलकर शिकायत के बाद सीएम ममता ने केन्द्र को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए पश्चिम बंगाल को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही, ममता ने भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कानपुर कांड को लेकर वहां की राज्य सरकार को भी घेरने की कोशिश की। ममता ने कहा, उत्तर प्रदेश में क्या चल रहा है? उस राज्य के लोग पुलिस में शिकायत दर्ज़ कराने से डरते हैं। एक ही घटना में कई पुलिसकर्मी मारे गए।

**टीम पायलट को राहत**

## राजस्थान के बागियों की किस्मत पर फैसला 24 जुलाई को सुनाएगा हाईकोर्ट



**जयपुर।** राजस्थान के सियासी संग्राम में हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई पूरी हो गई. कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 24 जुलाई को फैसला सुनाने का निर्णय लिया है. तब तक विधानसभा स्पीकर सचिन पायलट व अन्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे. बता दें कि सचिन पायलट खेमे की तरफ से विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी के नोटिस के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. पिछले हफ्ते शुक्रवार को मामले पर सुनवाई शुरू हुई थी, मंगलवार को सभी पक्षों द्वारा दलीलें रखी गईं. वहीं इससे पहले अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट मामले की सुनवाई के दौरान बागी विधायकों की पैरवी कर रहे मुकुल रोहतगी ने कहा कि स्पीकर ने बेतहाशा जल्दबाज़ी दिखाई और नोटिस जारी करते वक्त कोई कारण भी नही दिया. मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया, महामारी के बीच नोटिस का जवाब देने के लिए विधायकों को सिर्फ तीन दिन का वक्त दिया गया. इन तथ्यों को पढ़ने के बाद इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता है कि फैसला (विधायकों को निलंबित करने का) पहले ही तय कर लिए गए निष्कर्ष का नतीजा था. इधर फैसले से अलग सीएम गहलोत ने अशोक गहलोत ने दोपहर को तीन बजे मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है. इससे पहले उन्होंने जयपुर के एक होटल में अपने खेमे के विधायकों के साथ बैठक की. संभावना जताई जा रही है बैठक में विधानसभा सत्र बुलाने का प्रस्ताव पारित हो सकता है. वैसे 14 और 21 दिन के नोटिस पर बुलाई जाती है विधानसभा लेकिन विषम परिस्थितियों में सरकार को विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाने का अधिकार है.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com



# जल की भीषण समस्या से बचाओ सरकार

पाली रिपोर्टर नेनाराम

**सिरवी।** जिले में मानसून की देरी के कारण जल संकट की स्थिति कई ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे नाजुक हालत में देखी जा रही)पाली उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट की स्थिति सबसे गंभीर हालात के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जल संकट के बारे में भारी नाराजगी जाहिर की) पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भांगेसर मैं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल संकट के बारे में स्थानीय विधायक एवं जलदाय विभाग के सभी अधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन जल संकट की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ) देश की आजादी से अब तक नल जल योजना इस गांव को वंचित ही रखा) जल संकट को लेकर नारी शक्ति का अपमान किया जा रहा है)नारी शक्ति द्वारा जल की आपूर्ति अपने कठोर परिश्रम मेहनत द्वारा घरों तक मुख्य बावड़ी से आपूर्ति की जाती)भीषण गर्मी के दौर के चलते मुख्य बावड़ी का जलस्तर नीचे जाने के कारण आज काफी मेहनत से पानी को मुख्य बावड़ी से बाहर निकालना पड़ता लेकिन नारी शक्ति जल संकट को लेकर मजबूर) ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल की समस्या से बचाए सरकार) ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र का अंतिम ग्राम भांगेसर विकास की हर योजना से पिछड़ा ही नजर आ रहा)जल्दी जलभराव की स्थिति यहां पर सबसे खराब नजर आ रही ग्राम के मुख्य चौराहे पर मुख्य पेयजल एवं आंगनवाड़ी केंद्र के आसपास गंदे जलभराव की स्थिति आगामी समय में काफी गंभीर बनेगी लेकिन गंदे जल भरा की क्षमता को कम करने के लिए किसी के पास कोई विकल्प नहीं) स्थानीय राहगीरों को भारी समस्या का सामना और ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि इस ग्राम को डामरीकरण रोड से किसी विभाग से नहीं जुड़ा होने के कारण आपातकालीन स्थिति में यहां के ग्रामीणों को काफी भारी कठिनाइयों भरा सफर रहता) आज ग्रामीणों की भारी नाराजगी के तौर बताया गया कि सरकार के संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी जलभराव की स्थिति में अवगत करा चुके लेकिन समस्या का समाधान तो नहीं हुआ आज उन्होंने बताया कि जलभराव और जल संकट की स्थिति का समाधान किया जाए ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत को जल संकट के बारे में बताया गया लेकिन अभी तक जल संकट की समस्या का समाधान नहीं हुआ

# काग्रेस के तीन सैकड़ा कार्यकर्तओं ने छोड़ा साथ, भाजपा का थामा दामन

मोहन मांझी

गोहद ,काग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एक तरफ प्रदेश में पुनः सरकार बनाने का सपना सजो रहे है वही उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसकती जा रही है जहाँ काग्रेस के बिधयको में भाजपा की सदस्यता लेने की होड़ मची हुई है वही कार्यकर्ता भी दौड़ में पीछे नही है गोहद विधानसभा के पूर्व बिधायक रणवीर जाटव के गोलंबर तिराहा स्थित आवास पर सादा समारोह में काग्रेस के 300कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा है पूर्व विधायक रणवीर जाटव ने कहा कि गोहद विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है हर व्यक्ति भाजपा की विचारधारा से प्रेरित है और भाजपा



की सदस्यता ग्रहण करना चाहता है गोहद विधानसभा में 300कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है यह एक बानगी है और ये क्रम निरन्तर चलता रहेगा उन्होंने कहा विधानसभा में काग्रेस के पास न कोई मुद्दा है और न ही कोई प्रत्याशी हालात यह है कि काग्रेस को चुनाव में एजेंट नही मिलेंगे उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेसी मुझ पर आरोप लगा रहे है कि में बिक गया में गद्दार हु जबकि बिधायक पद से स्तीफा पेसो की खातिर नही अपितु मेरे नेता श्रीमंत सिंधिया के अपमान के कारण दिया और जनता के भरोसे पर में कोई नेता नही हु में तो परिस्थिति के कारण राजनीति में आया मेरे पिता की मौत के बाद मेरे छेत्र की जनता ने मुझे प्यार व स्नेह दिया अब में में आपके ही भरोसे हु मेरी ताकत मेरी पहचान गोहद की जनता है काग्रेस से भाजपा की सदस्यता लेने वालों में रामलखन कंषाना सुदामा सिह दौलत सिह मजबूत सिह अजीत गुर्जर बिजय गुर्जर प्रहलादसिह पंचम सिह गुर्जर बेताल सिह थान सिह अमृत तोमर शिवराज सिंह रणवीर ,अनिल सिह तोमर मंगल सिह तोमर हरेंद्र गुर्जर रवि शर्मा धर्मवीर काकर माधो सिंह सरदार सिह रवींद्र सिह गुरुचरण जाटव किलेदार सिह महाराज सिह तोमर सुरेन्द बघेल डॉ रामगोपाल बघेल धर्मवीर गुर्जर भूपेंद्र गुर्जर सतेंद्र गुर्जर नन्दकिशोर शर्मा समोखन सिह पवैया अजीत सरपंच लालबहादुर सिह प्रहलाद सरपंच बिकाश शुक्ला विश्वजीत कुशवाह ज्वाला यादव नवीन महुरिया अरविंद शर्मा दीपू गुर्जर राजीव गुर्जर रामू गुर्जर भूपेंद्र यादव गोलू यादव गोलू उपाध्याय बीर सिह टूंडला जितेंद्र सिह गुरीखा सुरेश श्रोती वीरू खटीक तिलक सिह गुर्जर राजेश गुर्जर सहित 300कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण कर गोहद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से बिजय दिलाने की शपथ ली



# अभियान के तहत राष्ट्रीय बजरंग दल जोड़ेगा हर गांव से 20-20 कार्यकर्ता

प्रवेन्द्र कुमार ब्यूरो चीफ

आज गांव सरेन्धी,नोनी ,रिछोआ भारा में राष्ट्रीय बजरंगदल व अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की बैठक की गई जिममें सैकड़ों नए कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की भगवा गमछा डाल कर सदस्यता दिलाई गई और संगठन के विभिन्न दायित्व दिए गए जिनमें निम्न प्रकार है मनोज भाई साहव जी के आदेशा अनुसार रवि परिहार जी के नेतृत्व में ओर साथ मे संदीप सिंह सिकरवार जिला उपाध्यक्ष रामू परमार जिला सुरक्षा प्रमुख संजू बाबा जिला सह मंत्री अजय परमार ज़िला उपाध्यक्ष आदि आकाश तिवारी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल परमार को विधानसभा गोरक्षा प्रमुख भोला ठाकुर को विधानसभा उपाध्यक्ष पवन परमार को विधानसभा महामंत्री अर्जुन परमार विधानसभा सह मंत्री नरेंद्र सिंह गुर्जर विधानसभा प्रभारी किसान परिषद प्रेम सिंह गुर्जर पूर्व फौजी किसान परिषद विधानसभा मंत्री सतेंद्र सोलंकी विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाई गई इसके लिए राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद आपका बहुत-बहुत स्वागत करता है।

थाना महुआ पुलिस द्वारा

# हत्या के अपराध में 5000 रू का ईनामी फरार आरोपी गिरफ्तार...

अम्बाह... पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया द्वारा सम्पूर्ण जिले में गम्भीर अपराध में फरार आरोपियों की धरपकड़ हैतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अति. पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के दिशा निर्देशन में एंव श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय अम्बाह अवनीश बंसल के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस महुआ पुलिस ने हत्या के आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है जानकारी के अनुसार दिनांक 02.06.19 को चम्बल नदी के किनारे रायपुर घाट के पास एक सिर कटी हुई लड़की की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी उक्त सूचना पर थाना महुआ में मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया दौराने जॉच अज्ञात सिर कटी हुई लाश प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर उम्र 19 साल नि. ग्राम विण्डबा थाना महआ की होना पाया गया तथा मर्ग जॉच में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पाया कि प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर मिश्रनगर अम्बाह में अपने परिवार के साथ




रहकर पढ़ाई करती थी पढाई के दौरान उसी के मौहल्ले में किराये से रहने बाले सूरज तोमर पुत्र गजाधर सिंह तोमर नि. ग्राम कुथियाना थाना अम्बाह से प्यार करने लगी थी प्रिया और सूरज के प्रेम सम्बन्धो के प्रिया के घर बालो को पता चला तो प्रिया के घर बालों ने सूरज व प्रिया को काफी समझाया और प्रिया के घर बालो ने प्रिया का सम्बन्ध किसी दूसरी जगह तय कर दिया था उसके बाबजूद भी प्रिया लगातार सूरज से बातचीत करती थी इसी बात को लेकर प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर की दिनांक 22.05.19 को ग्राम विण्डबा मे सुबह करीब 08.00 बजे प्रिया की उसके पिता ओंकार सिंह तोमर व उसके चाचा शिवकान्त उर्फ शिवकार तोमर ने रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर अपने स्वराज ट्रेक्टर से चम्बल नदी के किनारे ले जाकर प्रिया तोमर का सिर काटकर चम्बल नदी में बहा दिया था। मर्ग जाँच पर से थाना महआ पर अप.क्र 44/20 धारा 30220134 ताहि का आरोपीगण ओमकार सिह पुत्र मलखान सिंह तोमर व शिवकार उर्फ शिवकान्त तोमर पुत्र मलखान सिंह तोमर नि.गण ग्राम विण्डबा थाना महुआ के विरुद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण के आरोपी गण कायमी दिनांक से फरार चल रहे थे आज दिनांक 21.07.20 को थाना महुआ पुलिस द्वारा आरोपी ओमकार सिंह पुत्र मलखान सिह तोमर उम 44 साल नि. विण्डबा को गिरफ्तार किया गया जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना द्वारा 5000 रू का इनाम घोषित किया गया था । उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पारथ सिंह परिहार, ए.एस.आई. जे.पी. शर्मा एसआई राजेद्र विमल, . आर0 460 सियाराम, आर, 215 प्रमोद शर्मा, आर. 199 संदीप आर. 135 गिर्राज आर. 1113 ऋतुराज का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदिरा आवास योजना से वंचित परिवार द्वारा भारी नाराजगी जाहिर की

पाली=रिपोर्टर नेनाराम सिरवी=

पाली जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के कई गांवों में आज कई वर्षों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण काफी गरीब परिवार आज संकट की स्थिति से नाजुक हालत में दिख रहे/पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सांपा=के सहायक ग्राम बोंबलाईमैं देवासी समाज द्वारा इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत लाभ न मिलने के कारण आज भारी नाराजगी जाहिर की) देवासी समाज द्वारा बताया गया कि स्वस्थ भारत अभियान के तहत बनाए गए शौचालय का भुगतान भी काफी लंबे समय तक नहीं मिला गरीबी स्थिति के संकट की स्थिति में सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया लेकिन अभी तक 2 वर्षों से हमें भुगतान नहीं मिला



(जिसमें आज समाज के वरिष्ठ सभी परिवार के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इंदिरा आवास योजना के दस्तावेज का भी लंबे समय पहले विभागीय कार्यालय में जमा करवाएं लेकिन अभी तक इस योजना से भी हमें वंचित रखा)पीड़ित परिवार द्वारा बताया गया कि इस समय कच्चे भवन निर्माण कार्य क्षति ग्रस्त होने के कारण अगले मानसून के दौरान काफी मुश्किल भरा हमारा सफर रहेगा) लेकिन संबंधित विभागीय अधिकारियों को बार-बार बताया गया कि हमें इस योजना का लाभ मिले लेकिन उनकी ओर से आश्वासन मिलता रहा की लाभ मिलेगा) लेकिन इस योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला यहां पर जल समस्या के बारे में बताया गया कि काफी लंबे वर्षों तक जल की समस्या का समाधान नहीं हुआ चुनावी दौरों में जनप्रतिनिधियों की चुनावी सभाओं में तुरंत प्रभाव से घोषणा के अनुसार मात्र चुनावी समय तक जल का संकट नहीं लेकिन चुनावी माहौल खत्म होते ही जल संकट की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बनती) आज पीड़ित परिवार द्वारा बताया गया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण हम भवन निर्माण कार्य नहीं करवा सकते लेकिन सरकार हमें स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालय का भुगतान मिले और इंदिरा आवास योजना का हमें लाभ मिले

# अम्बाह उपनिरीक्षक सतैन्द्र सीसोदिया का बिदाई समारोह सम्पन्न

*केशब पडित जी अम्बाह*

अम्बाह की जनता से मिला प्यार हमेशा याद रखूंगा यह बात अम्बाह थाने के उपनिरीक्षक सतैन्द्र सिसौदिया ने अपने स्थान्तरित होकर इन्दौर जाने पर अम्बाह जैन बगीची में हुए बिदाई समारोह के दौरान कही सिसौदिया बिगत 1बर्ष पहले से अम्बाह थाने में अपनी सेवाएं दे रहे थे वह काफी व्यवहार कुशल व व्यक्तित्व के धनी एवम सुलझे हुए व्यक्ति हैं।उन्होंने ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों को दोनों पक्षो के आपसी सामंजस्य से ही निपटाया है उप निरीक्षक सतेन्द्र सिसौदिया जी के इस बिदाई सम्मान कार्यक्रम जैन बगीची परिसर में आयोजित किया गया इस दौरान नगर के बरिष्ट समाज सेबी जिनेश जैन ने कहा कि जब मुरैना बाहर से तबादला होके आता है तो अधिकारी लोग सोचते है कहा मुरैना भिण्ड मे फस गया परन्तु जब जनता के बीच मे हिल मिल



जाते है तो जो बक्त यह जरूर बोलते है भगबान चाहियेगा तो एकबार जरूर मुरैना आऊगा ऐसा प्रेम मिलता है मुरैना की जनता में इस अबसर पर एसडीओपी अबनीश बंसल जी ने अपने उद्बोदन मे कहा था कि जनता और पुलिस के बीच जो भेदभाव है वह खत्म हो व् दोनों के बीच की दूरी समाप्त हो जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके क्यों कि अच्छे नागरिक और पत्रकारो के तालमेल से अपराधियो के षडयंत्र को खत्म किया जा सकता है और माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जल्द ही जिले से क्राइम खत्म हो जाएगा।श्री सिसौदिया जी की कार्यशैली बहुत ही सरल रही उन्होंने अम्बाह क्षेत्र की बीट थरा खॉद का पुरा जैसे गॉव की जनता में पुलिस के भय को दूर किया जिससे लोग अपने अंदर की भावनाएं बता सके यहां बता दें कि श्री सिसौदिया का विभागीय प्रक्रिया के तहत इन्दौर जिले के थाने में स्थानांतरण हो गया है ओर नवागत उपनिरी.बिबेक तोमर का आज ही आगमन हुआ है सभी लोगो ने पुष्प माला पहनाकर स्बागत किया और बिदाई अबसर पर सतेन्द्र सिसौदिया जी को सभी लोगो ने उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया ।। *ये रहे मौजूद* बरिष्ट समाज सेबी जिनेश जैन अन्सुल जैन बिकाश गुप्ता गोलू भदौरिया देबेश शर्मा व एसडीओपी अबनीश बंसल इन्चार्ज थाना प्रभारी जगदीश गुप्ता ह्यद्व शिबम चोहान नबागत ह्यद्व बिबेक तोमर सिहानियॉ प्रभारी महेश शर्मा प्रज्ञाशील भास्कर प्र.आरक्षक अमोल सिह सतेन्द्र जोगेन्द्र प्रमोद महाराज सिह धर्मेन्द्र भदौरिया सुभाष यादव रामनरेश

# सोमंती अमावस्या पर शिव मंदिर पर रखा कार्यक्रम श्री राम नाम धुन अखंड कीर्तन

रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत दिनारा शिवपुरी

दिनारा क्षेत्र के अन्तर्गत आने बाला ग्राम छितीपुर मे रविवार को शंकर जी के मंदिर पर श्री राम धुन अखंड कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ शिव मंदिर पर जारी 24 घंटे सीता राम नाम कीर्तन के साथ सावन के तीसरे सोमवार सोवंती अमावस्या को दूसरे दिन गाँव भक्तिमय बना रहा। चारों ओर का वातावरण सीता राम नाम जाप कीर्तन से गुंजायमान रहा सीताराम जाप कीर्तन 24 घंटा तक जारी रहा सोमवार को सोवंती अमावस्या को




अखंड कीर्तन कार्यक्रम समापन के दिन सोमवार को विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर में हवन कराया गया। इसमें पंडित श्री राजेन्द्र व्यास मुख्य यजमान अन्ना लोधी और ग्राम से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद शाम को कन्या भोजन कराया गया इसके बाद सभी ग्राम वासियों को प्रसाद बांटा गया। कार्य क्रम सभी ग्राम वासियों के द्वारा संचालित किया गया! साथ ही सोवंती अमावस्या के पावन मौके पर शिव मंदिरों में ऊं नमः शिवाय की गूंज होती रही। सुबह से ही भक्तों की टोली मंदिरों में महाकाल की पूजा करते रहे। शिव की महाकृपा पाने के लिए भक्तों ने शिवलिग को दूध से स्नान कराया। वहीं बेल-पत्र तथा धतूरा के पुष्प भी चढ़ाए। सौवंती अमावस्या पर शिव की उपासना करने वाले भक्तों पर महादेव की कृपा सदा बनी रहती है। मान्यता है कि विशेष पूजन कर देवाधिदेव महादेव से महावरदान पाया जा सकता है।

# किसी अपने की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान जरूर करेंः मुकेश पाटीदार

**डूंगरपुर।** के आसपुर क्षेत्र के गांव गढ़ा भाभा निवासी मुकेश पाटीदार रक्तदान करने के लिए आमजनों व युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। मुकेश का कहना है कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। जरूरतमंदों को रक्तदान निश्चय ही करना चाहिए। क्योंकि रक्त खरीदा और उत्पादन नहीं किया जा सकता है। रक्त की आवश्यकता आपातकाल में कभी भी और किसी को भी हो सकती है। वहीं, थैलेसेमिया और एनिमिया जैसी रक्त संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है। इन दिनों संपूर्ण विश्व सहित भारतवर्ष और में कोरोना वायरस संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही यातायात संसाधन क्षेत्र एवं रक्त-दान एवं भंडारण प्रक्रिया में भी आंशिक रूप से प्रभाव पड़ा है। रक्तदान करने से दोहरा लाभ होता है। इसके लिए निधार्रित मापदंड में जांच उपरांत किए गए



रक्तदान से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है साथ ही रक्त प्राप्त करने वाले का जीवन भी दीर्घायु होता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षि?त व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें।हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षि?त व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढ़ेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है, लेकिन फिर भी यह विड़म्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।



# राज्यपाल लालजी टण्डन के अवसान पर मप्र में पांच दिन का राजकीय शोक

## मुख्यमंत्री चौहान और मंत्रिमंडल ने दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** राज्यपाल श्री लालजी टण्डन के अवसान पर प्रदेश में पांच दिन 21 से 25 जुलाई तक राजकीय शोक घोषित किया गया है। आज मंगलवार समस्त शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिपरिषद बैठक में यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल श्री टण्डन के अवसान पर शोक स्वरूप आज की मंत्रिपरिषद बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा न कर स्थगित की गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक 22 जुलाई को होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्र ध्वज झुके रहेंगे। राजकीय शोक की अवधि में प्रदेश में मनोरंजन के कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि वे मध्यप्रदेश की जनता की ओर से दिवंगत श्री टण्डन को श्रद्धांजलि देने के लिए लखनऊ जा रहे हैं। इस अवसर पर समस्त मंत्रिपरिषद ने खड़े होकर दो मिनिट का मौन धारण कर राज्यपाल श्री टण्डन को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्यपाल श्रद्धेय श्री लालजी टंडन के अवसान का दुःखद समाचार आज प्रातः मिला। वे जीवनभर राष्ट्र सेवा में संलग्न रहे। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।श्री टंडन सार्वजनिक जीवन में शुचिता के प्रतीक थे। मध्यप्रदेश में राज्यपाल के रूप में उन्होंने हमेशा जनहित में मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में उनके सुझाए नवाचार को हम सबने देखा है। उन्होंने राजभवन में न सिर्फ गौशाला का संचालन करवाया,बल्कि वे स्वयं यह कहते भी थे कि मैं इस प्रयोग को सफल करके बताऊंगा। वे आने वाले प्रत्येक अतिथि का हृदय से सत्कार करते थे। राजनीति में आपसी सौहार्द और संबंधों को हमेशा उन्होंने वरीयता दी। हमेशा उनकी सोच यही थी कि राजनीति सेवा का माध्यम है। दल कोई भी हो लेकिन सभी को मिलजुल कर राष्ट्र की सेवा करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 12 अप्रैल 1935 को जन्मे श्री लाल जी टंडन ने सात दशकों की सुदीर्घ समाज सेवा का सार्वजनिक जीवन बड़ी जीवंतता से जीया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से गहरा तादात्म्य स्थापित किया। सबको साथ लेकर चलने और अजातशत्रु रहकर समाजहित में कार्य करने की अटूट आत्मशक्ति उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। निरंतर क्रियाशील रहने के कारण ही जन कल्याणकारी कार्यों की बड़ी लम्बी श्रृखंला उनके खाते में है। वे उन चंद जन नेताओं में रहे। जिन्होंने राष्ट्र सेवा और नैतिक मूल्यों की साधना राजनीति के माध्यम से की और अन्त्योदय की भारतीय अवधारणा को साकार किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सार्वजनिक जीवन की ऐसी उदात्त, व्यापक और तपी हुई पृष्ठभूमि के साथ विधान परिषद में जब वर्ष 1978 में टंडन जी पहुँचे थे तो वहाँ भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी और संसदीय मर्यादाओं को नयी ऊँचाइयाँ दी। उत्तरप्रदेश विधान परिषद के दो बार सदस्य रहने के अलावा उन्होंने वहाँ नेता सदन की भी भूमिका निभायी। विधान सभा के लिए तीन बार चुने गये। वहाँ नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में उन्होंने बताया कि विरोध के स्वर कैसे होने चाहिए और शालीन रहकर भी सरकार को जन-आवाज सुनने के लिए किस प्रकार बाध्य किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के रूप में तो टंडन जी का हर कदम प्रगति की एक नयी दास्तान बनता चला गया और नये-नये कीर्तिमान रचे जाने लगे। पांच बार मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के साथ उन्होंने उर्जा, आवास, नगर विकास, जल संसाधन जैसे भारी भरकम विभाग संभाले। अपने प्रशासनिक कौशल, दूरदृष्टि और दृढ़संकल्प से टंडन जी ने उत्तरप्रदेश के करोड़ों नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया। इन विभागों की दशा और दिशा बदल दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्री के रूप में श्री टंडन द्वारा किये गये सुधार और बदलाव अविस्मरणीय है। अन्त्योदय की भारतीय अवधारणा को साकार करने के लिए दबे-कुचले और वंचित वर्ग के लिए उस समय जो योजनाएं टंडन जी के नेतृत्व में बनायी गयीं, वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित हुईं। पांच रूपये, दस रूपये और पंद्रह रूपये रोज पर दबे-कुचले तबके को मकान का मालिकाना हक दिलाने की स्वप्निल योजना उन्होंने साकार की थी। यही नहीं आवास के साथ एक फलदार वृक्ष और एक दुधारू पशु देने की योजना टंडन जी की बहुआयामी सोच का परिणाम थी। उन्होंने गरीबी-उन्मूलन के लिए बड़े पैमाने पर जमीनी कार्य हुए। सामुदायिक केंद्र बने, रैन बसेरे बने, मलिन बस्तियों का कायाकल्प हुआ। मथुरा-वृंदावन की खारे पानी की बड़ी समस्या का समाधान हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोक-कल्याण के लिए कार्य करने की उनकी प्रवृति के चलते उन्होंने ऐतिहासिक कार्य किये। उत्तरप्रदेश में पहली बार गोवध निषेध अधिनियम बना। हरिद्वार में पाँच किलोमीटर लंबा घाट जनसहयोग से बनवाना उनकी विलक्षण सोच का नतीजा था। हरिद्वार में कुंभ के लिए इतनी मूलभूत सुविधाओं का विकास उन्होंने करा दिया कि अब वहाँ कुंभ के आयोजन में बहुत कुछ नया नहीं करना पड़ता है। अयोध्या मामलों के प्रभारी के रूप में श्रीराम जन्मभूमि न्यास को 42 एकड़ जमीन सौंपने का काम जिस तत्परता और संकल्पबद्धता से टंडन जी ने किया, उसकी दूसरी मिसाल नहीं मिलती। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टंडन जी के जीवन में असंभव को संभव बनाने का सिलसिला कभी थमा नहीं। वर्ष 2003 में उनके द्वारा एक साथ 1001 योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास विश्व रिकार्ड के रूप में लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया। इसके अलावा लाल जी टंडन जी की सबसे बड़ी विशेषता यह भी थी कि राजनेता बनने पर भी उन्होंने समाजसेवक के अपने रूप को बनाये रखा। इसीलिए उन्हें साम्प्रदायिक एकता के प्रतीक और मानवता के लाड़ले सपूत के रूप में सदैव देखा गया। लखनऊ में होली के शालीन जुलूस की प्राचीन परम्परा को टंडन जी ने पुनर्जीवित किया। सार्वजनिक कवि सम्मेलन की परम्परा कायम की और उसमें जीवंतता से हमेशा मौजूद रहे। जयप्रकाश नारायण के समग्र क्रांति आंदोलन की लखनऊ में कमान संभाली। इमरजेंसी में जेल गये, भारी प्रताड़ना सही। ओजस्वी वक्ता के रूप में अपनी पहचान बनायी। इसलिए से सर्वप्रिय बने। यह श्री टंडन की सबसे बड़ी पूंजी थी। इसके बल पर वर्ष 2009 में टंडन जी लखनऊ से सांसद बने और अटल जी की विरासत को विस्तार दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और लोहिया जी जैसे प्रखर चिंतक, भारत रत्न नाना जी देशमुख, अटल बिहारी वाजपेयी और जयप्रकाश नारायण जैसे महान नेताओं से टंडन जी के अत्यंत निकट के पारिवारिक संबंध रहे। ऐसे लोगों के दीर्घ सानिध्य से टंडन जी अनुभव समृद्ध बनते चले गये। मध्यप्रदेश में 29 जुलाई 2019 को उन्होंने कार्यभार संभाला था। उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने ही वाला था। हमें उनके मार्गदर्शन का लाभ और भी मिलता लेकिन विधि के विधान से ऐसा नहीं हो सका। कर्मयोगी टंडन जी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपनी सम्पूर्ण सामर्थ्य-शक्ति को उच्चशिक्षा के क्षेत्र में कायाकल्प के लिए लगा दिया था। मध्यप्रदेश में उनके इस कार्यकाल को भी सदैव याद रखा जाएगा।

## राज्यपाल लाल जी टंडन के निधन पर शोक व्यक्त



गृह, जेल, विधि-विधायी और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने राज्यपाल लाल जी टंडन के निधन पर शोक व्यक्त किया करते हुए कहा है कि मन बहुत आहत हैं। उन्होंने कहा कि श्री टंडन से उनका मध्यप्रदेश आने के पूर्व से ही परिचय रहा हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि उन्हें सदैव महामहिम का पितृवत स्नेह प्राप्त होता रहा। उन्होंने बताया कि श्री टंडन का नियम प्रक्रिया पर गहन पकड़, व्यवहारिक और राजनीतिक समझ में कोई सानी नहीं था। वे एक चलती-फिरती लाइब्रेरी थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में श्री टंडन का सदैव एक पृथक स्थान रहा है।

**डॉ.नरोत्तम मिश्रा ,**
**गृह, जेल, विधि-विधायी और संसदीय कार्य मंत्री**



जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने राज्यपाल श्री टंडन के स्वर्गवास पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में श्री टंडन की कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण उनकी गिनती महत्वपूर्ण राजनेता के तौर पर की जाती है। उनके निधन से राजनैतिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**तुलसी राम सिलावट,**
**जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास**



सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री अरविंद भदौरिया ने राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने श्री टंडन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि वे एक कुशल एवं अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने लम्बे समय तक देश व समाज की सेवा की है। उनके अवसान से देश व प्रदेश को अपूर्णीय क्षति हुई है। मंत्री श्री भदौरिया ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

**सहकारिता मंत्री**
**भदौरिया द्वारा शोक व्यक्त**



खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने राज्यापल श्री लालजी टंडन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि श्री टंडन एक परिपक्व नेता थे। श्रीमती सिंधिया ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**यशोधरा राजे सिंधिया**
**खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री**



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है । उन्होंने कहा है कि श्री टंडन जमीनी राजनेता और कुशल प्रशासक थे। श्री सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**ऊर्जा मंत्री, प्रद्युम्न सिंह**



किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने आज ग्वालियर पहुँच कर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के छोटे भाई के असामयिक निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंत्री श्री पटेल के साथ पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर विधायक रमेश मेंदोला ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

**कमल पटेल,**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री**

## गैंगस्टर विकास दुबे पर घोषित पांच लाख् की इनामी रकम उज्जैन पुलिस को मिलेगी



**भोपाल/उज्जैन।** उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर विकास दुबे पर घोषित पांच लाख रुपये की इनाम राशि किसे मिलेगी, अब यह तय हो गया है। यह राशि उज्जैन पुलिस को दी जाएगी। लेकिन उज्जैन पुलिस ने एक कमेटी बनाई है, जो इस रकम को मिलने वाले लोगों के नाम को तय करेगी। गोरतलब है कि यूपी में पुलिस वालों की हत्या करने के बाद फरार गैंगस्टर विकास दुबे उज्जैन पहुंचा था, उज्जैन के महाकाल में उसे पकड़ा गया और यूपी पुलिस के हवाले कर दिया गया। यूपी पुलिस आरोपी को यूपी ले जा रही थी, इसी दौरान रास्ते में उसका एनकाउंटर हुआ। आरोपी को पकड़े जाने के बाद यह सवाल उठने लगे थे कि आरोपी पर घोषित 5 लाख की इनाम रकम किसे मिलेगी। अब यूपी पुलिस ने मध्य प्रदेश पुलिस को इनाम की राशि के लिए एक पत्र लिखा है। इस पत्र के बाद उज्जैन पुलिस तय करेगी कि किसे इनाम की राशि दी जाए। उज्जैन पुलिस अफसरो ने तीन सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। ये कमेटी इनाम की राशि किसे देना है, उनके नाम को तय करेगी। उसके बाद नामों की संख्या के आधार पर राशि का बंटवारा होगा। कमेटी तय कर रही है, कि विकास के मंदिर में होने की सूचना सबसे पहले किसने दी, उसे गिरफ्तार किसने किया।

## ओबीसी आरक्षण पर पूर्व में लगाई रोक बरकरार

**भोपाल।** राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 14 फीसद से अधिक आरक्षण पर पूर्व में लगाई गई रोक मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने बरकरार रखी है। इस मामले की अगली सुनवाई आगामी 18 अगस्त को होगी। जबलपुर स्थित मुख्य पीठ के प्रशासनिक न्यायाधीश संजय यादव व जस्टिस बीके श्रीवास्तव की युगलपीठ ने राज्य शासन को इस शर्त पर शिक्षक चयन प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी है कि इस प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालयों में एडमिशन के रजिस्ट्रेशन शुरू

**भोपाल।** केन्द्रीय विद्यालयों में एडमिशन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो चुकी है। इस शिक्षण सत्र में प्रवेश प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। इस बार केंद्रीय विद्यालय में कक्षा पहली के लिए प्रवेश प्रक्रिया केवल ऑनलाइन होगी, जबकि अन्य कक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन होगी। इसकी वजह है कि इनमें निचली कक्षाओं के छात्र-छात्राओं से पहले भरा जाएगा। कक्षा पहली के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन ही ड्रॉ निकाले जाएंगे। पहली के लिए आवेदक की उम्र 1 अप्रैल 2020 को न्यूनतम 5 और अधिकतम 7 वर्ष होनी चाहिए। दूसरी क्लास के लिए 1 अप्रैल 2020 को न्यूनतम उम्र 6 और अधिकतम 8 साल होनी चाहिए। एडमिशन के लिए आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के अलावा एक फोटो और ब्लड ग्रुप की जानकारी आवश्यक है।

**हर स्कूल के लिए करना होगा अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन**

# राजधानी में 100 से कम 95 केस मिले

## बरेली जेल के गंभीर संक्रमित बंदी भोपाल शिफ्ट होंगे




**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को नए मरीजों का आंकड़ा 100 से कम आया है। मंगलवार को 95 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव निकली है। इससे पहले एक सप्ताह से 100 या उससे अधिक नए केस आ रहे थे। राजधानी में अब तक 4638 लोग संक्रमित हो चुके हैं। नए 710 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। रविवार को रिकॉर्ड 837 नए मामले सामने आए थे। प्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर अब 23451 तक पहुंच गई है। राहत की बात है कि 373 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अब तक 15684 मरीज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। सबसे ज्यादा संक्रमित शहरों में रविवार के साथ ही शनिवार को भी टोटल लॉकडाउन रहेगा। रविवार के मुकाबले सोमवार को कोरोना के कारण मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रविवार को इसके कारण 15 लोगों ने दम तोड़ दिया था, तो सोमवार को 17 लोग कोरोना से जिंदगी की जंग हार गए। अब मरने वालों की संख्या 750 के करीब पहुंच गई है। कुल 738 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। प्रदेश में सोमवार को 16 हजार 222 लोगों के सैंपल लिए गए। इनमें से 15 हजार 512 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव रही, जबकि 710 लोग पॉजिटिव मिले। 150 सैंपल रिजेक्ट भी रहे। सोमवार को पॉजिटिव मिलने की ग्रोथ 4.4 प्रतिशत रही। प्रदेश में अब कंटेंटमेंट एरिया 2434 हो गए हैं। अब तक प्रदेश में 615862 लोगों के सैंपल लिए जा चुके हैं। इंदौर जिले में कोविड-19 के 70 नए मामले आने के बाद यहां कोरोना वायरस से संक्रमितों की संख्या 6225 तक जा पहुंची है। कल चार की मौत दर्ज किए जाने के बाद मृतकों की संख्या 299 तक जा पहुंची है। राहत की खबर है कि अब तक 4366 रोगी स्वस्थ होकर अस्पतालों से घर लौट चुके हैं। अब तक कुल 01 लाख 21 हजार 930 जांच रिपोर्ट प्राप्त मिली है।

## लॉकडाउन से ग्वालियर-मुरैना में संक्रमण में कमी आई

ग्वालियर और मुरैना जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां लॉकडाउन से कोरोना संक्रमण में कमी आई है। ग्वालियर में गत दिनों 15 प्रतिशत तक पॉजिटिविटी पहुंच गई थी, जो कि अभी किए गए लॉकडाउन के बाद 7 प्रतिशत रह गई है। मुरैना में लॉकडाउन से पॉजिटिविटी दर 1.6 प्रतिशत रह गई है। जिला क्राइसिस समूह की बैठक कर आगे के लॉकडाउन पर विचार किया जाए। लॉकडाउन धीरे-धीरे खोला जाए। कटनी में तीन लोगों में कोरोना की पुष्टि मध्यप्रदेश के कटनी जिले में तीन लोगों के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। ये तीनों माधवनगर के बंगला लाइन के रहने वाले हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इनमें पिता 49 वर्ष, पुत्र 22 वर्ष और एक अन्य व्यक्ति 56 वर्ष शामिल है। इनमे से पिता जबलपुर और एक अन्य व्यक्ति सतना गए थे और वहां से लौटने के बाद संक्रमित हुए। जिले में अब 58 केस हो गए हैं।

## जिम्मेदारी ने अंकल बनाया

यह बोझ अब सहन नहीं होता क्या मैं सिर्फ जीवन भर बोझ उठाने के लिए हूँ --- यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न है----तभी अंतरात्मा कहती है नहीं ---तू अकेला थोड़े न बोझ उठा रखा है ---तेरे जीवन साथी भी तो इसमें बराबर के हिस्सेदार हैं -----तभी जिम्मेदारी का एहसास कर वह सोचने लगता है---और बचपन के दिनो को टटोलता है---दादी की गोद --माँ की लोरी ----वो दोस्तो संग घंटो खेलना सब किसी चलचित्र की भांति उभर आती है----आज से तुलना करना कितना कठिन है --आज तो कान के पास चंद सफेद बाल ---आंखो पर चश्मा ---दिन भर की भागदौड़ और शाम की वो घर की वांसुरी है---जिसकी अपनी धुन है ---ऐसे ही जिम्मेदारी का बोझ लिये कब सुबह हो जाता-- पता ही नहीं चलता ----कितना बदल गया सबकुछ ----एक शब्द से --वो है---- जीवन चलाने का बोझ --सब सोचने के बाद वह हाथ में थैला लिये बाजार की ओर चल देता है----- मुहल्ले के चंद बच्चे खेल रहे थे ---उनकी गेंद आकर सामने से लगती है---वो चिल्लाते हैं ------अंकल गेंद दे दो--वह ठिठक जाता है --एक समय के लिए खुद पर विश्वास नहीं होता ---मै अंल बन गया और आगे बढ़ गेंद बच्चों की ओर उछाल देता है--और बाजार की ओर बढ़ता चला जाता है ।



**आशुतोष**
**पटना बिहार**

## भूखे बच्चे

रोजमर्रा की तरह मैं घर से कॉलेज जाने के लिए निकली। कॉलेज काफी दूर था। पहली बस लेकर दूसरे बस स्टैंड पर पहुँची, वहाँ से लंबे सफर के लिए बस बन के चलती थी। उस दिन भी मैं बस में बैठ उसके चलने का इंतज़ार करने लगी। ड्राइवर के आते ही मैंने अपना फोन निकाला और अपनी सहेली को फ़ोन करके बस के नंबर के विषय में बताया और उससे कहा कि ÷मैं इसमे पहली सीट पर बैठी हूँ, तेरे बस स्टैंड तक बस पांच मिनट में पहुँच जाएगी÷। जैसे ही बस उसके बस स्टैंड पर रुकी, मैंने तुरन्त खिड़की से हाथ बाहर निकाला और आवाज लगाई, %कृष्णा%। मेरी आवाज की दिशा में उसने अपना गर्दन घुमाई और मुस्कुराते हुए जल्दी से बस में चढ़ गई। वह अंदर आकर मेरी सीट पर बैठ गई और बोली, %और बता कैसी है तू%। मैंने कहा, %मैं ठीक हूँ%, तू सुना। उसने खुद के सही होने का जवाब दिया, %बढ़िया%। फिर हम अपनी हर रोज की तरह अपनी किताबें निकालकर, कक्षा और विचारों पर चर्चा करने लगे। अचानक ब्रेक से लगे झटके ने मेरा सिर किताबों से उठा दिया और मैंने अन्य लोगों के साथ चिल्लाकर ड्राइवर को कहा, %भैया कैसे गाड़ी चला रहे हो%। उसने कहा, ÷मैडम, सामने देखो, किसी के ऊपर चढ़ा दूं क्या, गड्डी%। मेरी नज़र सामने गई तो पाया बहुत छोटे-छोटे दो बच्चे सड़क पर हाथ मे कटोरा लिए खड़े थे। बस के आगे खड़े इन दोनों बच्चों की आंखों में ख़ौफ़ नही दिखा मुझे, बल्कि भूख के दर्द का सैलाब आसुंओं के रूप उमड़ पड़ा था। मगर ड्राइवर को उन मासूम बच्चों को देख कर दया नही बल्कि बहुत गुस्सा आया। हाँ भई, उसे इतने यात्रियों की गलियाँ जो पड़ी थी। वो बस से गुस्से में उतरा और दोनों बच्चों पर झल्लाते हुए बोला, %गंदी नाली के कीड़े, मरने के लिए मेरी ही बस मिली तुम्हे, सड़क पर क्यों खड़े हो, तुम्हारे मां बाप क्या बच्चे पैदा करने में लगे हैं, जो तुम्हारा ध्यान नही रख सकते%, बच्चे थोड़ा डर कर पीछे की तरफ हो गए, और उनमें से बड़ा दिखाई देने वाला बच्चा बोला, %साहब माँ-बाप तो मर गए%। %मर गए तो तुम क्यों नही मर जाते जाकर कहीं, यहाँ सड़क पर सबको क्यों परेशान कर रहे हो, अब हटो यहाँ बीच से जल्दी, मुझे ड्यूटी में देर हो रही है%, ड्राइवर और अधिक झल्लाते हुए बोला। फिर वह अपनी बस में वापिस आ गया। हम दोनों सबसे आगे बैठे थे तो सब आसानी से देख पा रहे थे। बस दोबारा चल पड़ी। लोग भी अपनी अपनी बातों में खो गए। मगर मैं मानसिक रूप से वहीं उसी सड़क के बीच उन बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होता देख निस्तब्ध रह गई।



**डॉ.लता**
**हिंदी शिक्षिका**
**नई दिल्ली**

## अनेक सम्मान रेणु शर्मा के नाम

रेणु शर्मा जयपुर राजस्थान की रहने वाली उन्होंने 22 साल की उम्र में अपना और अपने परिवार के साथ अपने राज्य राजस्थान का बहुत नाम किया है । जयपुर में रहने वाली रेणु शर्मा ने अपनी साहित्यिक यात्रा की शुरुआत अगस्त 2019 से की थी। वाणिज्यिक विषय की छात्रा रेणु जी यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान से एम .कॉम कर रही है । उनका मानना है की काव्य रचना का विषय से कोई संबंध नहीं होता है क्योंकि कविता मन के भाव है जो हृदय को चीर स्वयं ही कविता का रूप लेती है रेणु जी का मानना है कि कला विषय वाले ही नहीं वाणिज्यिक और विज्ञान विषय के विद्यार्थी भी कविता लिख सकते है । रेणु जी की प्रथम रचना 卐जल बना जानी दुश्मन 卐 जो अमृत राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित हुई थी । उसके बाद निरंतर अनेक पत्रिकाओं , अखबारों , में उनकी अनेक कविताएं प्रकाशित हुई है । रेणु जी का सफ़र अखबारों तक ही सीमित नहीं रहा उन्होंने ऑनलाइन काव्य पाठ भी किया और अनेक साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भाग भी लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया । दैनिक वर्तमान अंकुर द्वारा चार बार काव्य रचना प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सृजन करने पर सम्मानित किया गया। नवीन कदम साहित्य द्वारा तीन बार सम्मानित किया गया। मेरी कलम मेरी पूजा द्वारा दो बार काव्य रचना प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सृजन करने पर कीर्तिमान साहित्य सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया और साहित्य गौरव सम्मान , सरस्वती पुत्री सम्मान से भी सम्मानित किया गया । काव्य रंगोली हिंदी साहित्यिक पत्रिका द्वारा भी सम्मानित किया गया , साहित्य उत्थान कोश फेसबुक ग्रपु ( दिल्ली) द्वारा आयोजित प्रतियगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। ऑनलाइन काव्य संगोष्ठी साहित्यिक मित्र मंडल जबलपुर ( मध्य प्रदेश) और मीन साहित्य संस्कृति मंच (हरियाणा) द्वारा श्रीमती फूलमती देवी साहित्य सम्मान से सम्मानित किया और महात्मा बुद्ध रत्न 2020 से भी सम्मानित किया गया। अनेक साहित्यिक पत्रिकाओं और अखबारों में प्रतिदिन उनकी कविताएं प्रकाशित होती है। अब तक रेणु जी ने साठ से ज्यादा कविताएं और 30 से ज्यादा साहित्यिक सम्मान प्राप्त किए हैं । और पन्द्रह से ज्यादा अखबारों में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है रेणु जी एक किसान की बेटी है और मध्यम वर्गीय परिवारों से है। हमें गर्व है रेणु जी पर उनके बुलंद हौसलों पर ।



**रेणु शर्मा**
**जयपुर राजस्थान**

## मां की ममता अपरंपार

मां जननी,मां रक्षणी,
मां मेरी दुख भक्षणी।
मां इज्जत,मां सम्मान,
मां मेरी दुनिया जहान।
मां इबादत,मां ही धर्म,
मां की सेवा मेरा कर्म।
मां जीवन है,मां है प्राण,
मां देती है पहला ज्ञान।
मां काव्य है,मां है गीत,
मां की दुआ मेरी जीत।
मां श्रद्धा है,मां है प्यार,
मां चरण में मेरा संसार।
मां सुख है,मां है शांति,
मां दूर करती मेरी भ्रांति।
मां अतीत है,मां वर्तमान,
मां करती भविष्य निर्माण।
मां सोच है,मां है विचार,
मां की ममता अपरंपार।



**गोपेंद्र कु. सिन्हा गौतम**
**देवदत्तपुर दाऊदनगर औरंगाबाद बिहार**
**9507341433**

## नारी सशक्तिकरण

तू देख क्षेत्र है किसका
पहचान यहां तू कौन है।
सब सहके अत्याचार नारी
क्यों आज भी तू मौन है।।
न बह स्नेह के सागर में
परख यहां तेरा कौन है।
क्यों सहके अत्याचार नारी
,
आज भी तू मौन है।।
अस्तित्व की लड़ाई में,
तू ही तेरा हथियार है।
तू श्रेष्ठ रचनाकार है,
तेरा रचित संसार हैं ।।
नतमस्तक हैं पुराण सारे,
शीश नवाते वेद हैं।
न समझ जालिम हैं सभी
कुछ पुरुष यहां भी देव हैं।।
तू चीख ले तू रो,
पर पुनः उठ खड़ी हो।
निकल बाहर बना पहचान,
के मिले तुझे बराबर सम्मान।।
तू आस्था है तू पवित्र है,
नूर बिखेरता तेरा चरित्र है ।।
बुझी रहे तू डरी रहे,
यह सोच दुनिया की विचित्र है।।
ढाल सी कठोर बन,
तलवार सी तू तेज बन।
छू ले अंबर का चेहरा,
इतनी ऊंची तू मेज बन।।
तू देख क्षेत्र है किसका
समझ यहां तू कौन है।
मत सह अत्याचार नारी,
बोल अब क्यों मौन है।।
तू बोल अब क्यों मौन है।।



**शारदा बरसैंया**
**मनेन्द्रगढ़ छग**

## लहरें जाने क्या कहती हैं

स्वर की लहरी पर मंद मंद , सागर की लहरें गीत गुनें ।
उठ- उठ गिर-गिर मद में बहकर ,जाने क्या क्या कह जाती हैं ।

उन्मुक्त लहर के राज कई ,सागर के हृदय समाए हैं ।
लेता समेट बाहें फैला ,जो अपने हुए पराये हैं ।
है नीरनिधि विस्तार लिए ,यह दृष्टि जहाँ तक जाती है ।
उठ- उठ गिर-गिर मद में बहकर ,जाने क्या क्या कह जाती हैं ।

नीला दुकूल सागर तन पर ,गहरे तल में मोती माणिक ।
उषा की लाली में निज निज ,जलयान लिए बढ़ते नाविक ।
लहरों की अद्भुत चंचलता ,बरबस मोहित कर जाती है।
उठ- उठ गिर-गिर मद में बहकर ,जाने क्या क्या कह जाती हैं ।

जलधाम भरे उर नीर घना ,तक नील गगन के साये को ।
सैलाब थाम उर के भीतर ,है मौन नैन भर आये जो ।
तब तब सीमा के बंध तोड़ ,लहरे तट से टकराती हैं ।
उठ- उठ गिर-गिर मद में बहकर ,जाने क्या क्या कह जाती हैं ।



**रीना गोयल**
**( सरस्वतीनगर)**
**हरियाणा**



सुकुमारी सी है बेशक
वो तन्वी नाम जिनका है
सादगी पसंद तन्वी
अदाएं खास रखती है ।
नजरिया है बड़ा अच्छा
दिल बहुत साफ रखती है
लबों पे है मुस्कुराहट उनके
फूलों सी महकती है।
है विचारों से बहुत सुंदर
की भोलापन समझती है
हर हुनर जानती है वो
अलग पहचान रखती है।



**प्रतिभा दुबे**
**अभिलाषी, ग्वालियर**

# कोरोना काल में आत्महत्यों की ओर बढ़ता भारत

कोरोना महामारी के संक्रमण की चेन को काटने के लिए लगभग सारी दुनिया में लॉकडाउन को कारगर तरीका माना गया। यद्यपि लॉकडाउन से कोई विशेष लाभ हुआ हो आंकड़े ऐसा कोई संकेत नहीं करते परन्तु लॉकडाउन से अन्य कई प्रकार की समस्याएँ भी हमारे देश में पैदा हुई है। कोरोना प्रभाव के उपरान्त प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बेरोजगारी का भयावह चित्र सामने आया है, बहुत सारे सरकारी और गैर सरकारी उद्यमों से लाखों लोगों को छंटनी कर बाहर निकाल दिया गया। क्योंकि सारे काम काज बंद थे और घरों पर बैठाकर वेतन देना शायद उद्योगपतियों को मंजूर नहीं था। बहुत सारे निजी उद्योगों में और उनके कार्यालयों में कर्मचारी की छंटनी के साथ-साथ जो कर्मचारी काम पर बचे है उनके वेतन भी आधे कर दिए गए है और एक प्रकार से हजारों कर्मचारी ऐसी अप्रत्यक्ष बदलाव व छंटनी के शिकार हुए है। मेरे एक मित्र के भाई जो मुंबई में नौकरी करते थे और उन्हें 30 हज़ार रूपये प्रतिमाह मिलता था लॉकडाउन के बाद जब अपने काम पर वापिस पहुंचे तो प्रबंधक ने बता दिया कि उन्हें आधा वेतन याने 15000 रूपये ही दिया जाएगा। अब उनके सामने संकट है कि, 15000 रूपये में मुंबई में अपने परिवार का गुजारा कैसे करे और उन्होंने मुंबई नहीं जाने का निर्णय कर लिया। ऐसी कितनी घटनाएं महानगरों से लेकर नगरों तक घटी है। जिनका कोई सही लेखा जोखा न सरकार के, न मीडिया, न किसी अन्य के पास है। हस्त कौशल के काम वाले याने बेल्डिंग पेटिंग मशीन सुधारने वाले घरेलू काम वाले अखबारों के हॉकर सुरक्षा पहरी गेटमेन लिटमेन जैसे कई करोड़ छोटे-मोटे काम धन्धे वाले लोग है, जिनके काम इस लॉकडाउन काल में लगभग बंद हो चुके है। अखबारों को खरीदना लोगों ने कम कर दिया है और उसकी पूर्ति सोशल मीडिया अपने झूठ या सच से कर रही है। इन 3-4 माह में तकनीक और मशीन पर निर्माता और उपभोक्ता दोनों का रूझान तेजी से बड़ा है। सरकार और प्रचार तंत्र ने तो आम आदमी को भयभीत कर छोटे स्तर पर मशीनीकरण के द्वारा छंटनी के लिए प्रेरित किया है। घरों में काम करने वाली बाईयों की संख्या समूचे देश में लगभग 1 कराड़ के आस-पास थी और अब वह कुछ हज़ार तक सिमट गई है। क्योंकि सभ्य और संपन्न लोगों के लिए ये बाईयां अब कोरोना कैरियर बन गई है। तथा रोटी बनाने से लेकर बर्तन माँजने तक घर की सफाई से लेकर कपड़े धोने तक सब कामों के लिए मशीनों ने बाईयें को विस्थापित कर दिया है व उनका विकल्प बन गई है। देश भर में लगभग 70-80 लाख से लेकर 1 करोड़ सुरक्षा पहरी थे परन्तु अब उच्च मध्यवर्गीय लोग और खाते पीते मध्यवर्ग के लोग सुरक्षा के लिए स्वचालित मशीनों, दरवाजों के खोलने लगाने के लिए रिमोट चेतावनी के लिए अलार्म, गाड़ियों के नम्बर जाँचने के लिए सेंसर मशीने, घरों को सैनेटाइज़ करने के लिए आटोमेटिक मशीने इस्तेमाल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। परन्तु इन सब का प्रभाव बेरोजगारी और बड़े पैमाने पर होने वाली आत्महत्याओं के रूप में सामने आ रहा है। पिछले 3 दशक से किसानों की आत्महत्याओं की घटनाएं शुरू हुई थी और सरकार के आँकड़ों के अनुसार पिछले 12-13 वर्षों में लगभग 3 लाख किसानों ने आत्महत्यायें की थी याने औसतन 25 हज़ार किसान प्रतिवर्ष। किसानों की आत्महत्या का बड़ा कारण कर्ज न चुका पाना था और कहीं -कहीं पारिवारिक और अन्य दबाव भी कारण बने थे। परन्तु इस लॉकडाउन के दौर में देश में कितनी आत्महत्याओं की घटनाएं हुई है इसका तो कोई सरकारी आँकड़ा सामने नहीं आया है। परन्तु एक राष्ट्रीय अखबार जिसकी प्रसार संख्या उनके अनुसार करोड़ों में है ने 4 जुलाई के अपने सागर संस्करण में एक समाचार छापा कि जनवरी और फरवरी में याने 2 माह में सागर में कुल 85 लोगों ने विभिन्न कारणों से आत्महत्याएं की थी और मई में अकेले 106 लोगों ने और जून में 88 लोगों ने आत्महत्यायें की। अब अगर इस आधार पर देश की गणना करें कि अगर 2 लाख की आबादी के शहर में जनवरी से जून के बीच लगभग 400 लोगों ने आत्महत्यायें की है और मार्च से जून के चार माह में लगभग 300 लोगों ने। अगर देश की 130 कराड़ की आबादी का आंकलन इस आधार पर किया जाए तो इन मार्च से जून के 4 माह में देश की 130 करोड़ आबादी में लगभग 20 लाख लोगों ने आत्महत्यायें की होगी। अगर नगर को आधार माना जाए तो सागर नगर जिसका उल्लेख मैंने किया है उसकी आबादी लगभग डेढ़ से दो लाख होगी और डेढ़ से दो लाख आबादी वाले नगर देश में लगभग 10 हज़ार के आस-पास होंगे-याने अगर नगर को आधार माना जाए तो देश को इस कोरोना के माहों में लगभग 30 लाख लोगों ने आत्महत्यायें की होगी। अब कल्पना करे कि किसान की आत्महत्यायें देश में औसतन 25 हज़ार प्रतिवर्ष हुई है जबकि अगर यह कोरोना महामारी साल पूरा कर लेती है तो केवल एक वर्ष में 20-30 लाख लोग आत्महत्यायें करेंगे। इन आत्महत्यायों के मुख्य कारण बेरोजगारी गरीबी और अवसाद (डिप्रेशन) है। महीनों से घरों में बंद इंसान इतना एकांकी हो चुका है कि वह एक प्रकार से साहस विहीन हो गया है और अपने भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के बजाय वह आत्महत्या का रास्ता चुन रहा है।



## मैं इन्सान हूँ

मैं इन्सान हूँ मैं कुछ भी कर सकता हूँ,
पृथ्वी की फिक्र नही मुझे,
न जल की है न ही फिक्र वन
की है,
मैं बेजुबानो को मार सकता
हूँ,
मैं इन्सान हूँ मैं प्रकृतिक को
नुकसान पहुंचा सकता हूँ,
मैं हूँ और मैं ही बस हूँ,
मैं डरता नही किसी से भी,
मैं बेजुबानो को कैद कर
उनका तमाशा बना सकता हूँ,
मैं पैसो के लिए उनको मार सकता हूँ,
कर्म मे नही धन मे विश्वास है मेरा,
मैं घुस दे कर हर काम कर सकता हूँ,
मैं डरता नही ऊपर वाले से वो तो बस एक नाम है,
मैं इन्सान हूँ जन्मा हूँ पानी से,
मैं पानी को भी बर्बाद कर सकता हूँ,
मेरी दूनिया है ये और मे इसे तबाह कर सकता हूँ,
मैं इंसान हूँ मैं कुछ भी कर सकता हूँ।



**साक्षी देवांगन**
**मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ**

## कविता

जब चाहो प्यार प्रिय मेरे पास चले आना तुम ।
होकर निशंक मेरे मन का द्वार खटखटाना तुम ।
तन कलुषित है भले मेरा
मन तो पावन गंगा है
कोना कोना इसका
तेरे रंग में मैंने रंगा है
सूने मेरे मन मंदिर को अपना घर बनाना तुम
जब चाहो प्यार प्रिय मेरे पास चले आना तुम
तेरे प्रेम की सद्गंध को लेकर
आती है प्रातः पवन
तेरा नाम वेद ऋचा सा
उच्चारित करती है धड़कन
प्रेम यज्ञ कुण्ड की मैं समिधा घृत बन जाना तुम
जब चाहो प्यार प्रिय मेरे पास चले आना तुम
तुम चैत के बसंत मेरे
तुम बरखा का सावन हो
तुम ही हरियाली तीज मेरी
तुम करवा का व्रत पावन हो
होली का रंग हो कभी मेरी चुनर गुलाबी कर
जाना तुम
जब चाहो प्यार प्रिय मेरे पास चले आना तुम



**स्वरचित एवं मौलिक**
**मनोजवम**

## लघुकथा

# मिसाल बनो मजबूरी नही

किसी बड़े शहर की एक पूरी पॉश सोसाइटी को सरकारी सोसाइटी कहा जाता था।यहां पर रहने वाले सभी लोग अच्छी बड़ी-बड़ी सरकारी नौकरियों पर काम करने वाले थे या सरकारी नौकरियों से रिटायर हुए व्यक्ति थे।जैसा कि सभी पॉश सोसाइटी में होता है।यहां भी सुबह अंधेरे ही छोटे-छोटे बच्चे जो कूड़ा चुनने वाले होते हैं,आ जाते थे और वहीं पर रहने वाले लोगों से भीख मांग कर अपना पेट भरते थे।सभी घरों से उन्हें कुछ ना कुछ खाने को मिल ही जाता है। लेकिन उस एरिया के सभी लोगों ने अक्सर ऐसा देखा कि वर्मा जी के यहां से कभी भी किसी बच्चे को कुछ भी नही दिया जाता है।अक्सर वह ऐसे बच्चों को देख कर भी अनदेखा कर देते हैं।सारे पड़ोस में इसी वजह से उनके लिए काफी बातें भी होती हैं।इतना पैसा होने के बावजूद भी किसी गरीब बच्चे को कुछ भी नहीं खिलाते।बस अपनी कोठी के सामने दूसरे प्लॉट को बनाने पर लगे पड़े हैं।किसी भी छोटे बच्चे की सहायता नही करते।इन सभी बातों को अनदेखा करते हुए वर्मा जी ने अपने प्लॉट पर एक बिल्डिंग का भव्य निर्माण किया। सारे पड़ोस के लोग भी अचंभित थे।क्योंकि अकेले रहने वाले वर्मा जी दो-दो मकानों का क्या करेंगे। वर्मा जी के दोनों बेटे विदेश में नौकरी करते हैं।पूरा मकान तैयार होने के बाद एक दिन सभी पड़ोस वालों ने देखा की वर्मा जी ने अपने दूसरे मकान में बच्चों के स्कूल की स्थापना की और स्कूल का नाम सबका स्कूल रखा।उन्होंने सभी पड़ोसियों को बुलाया और अपने स्कूल के बारे में कुछ बातें सभी के सामने रखी।वर्मा जी ने आसपास के सभी लोगों से कहा कि हम सभी व्यक्ति पैसों के मामले में संपन्न है।मैं सभी गरीब बच्चों के लिए जो सुबह कूड़ा उठाते हैं या और भी ऐसे गरीब बच्चे जो पढ़ नहीं पाते। उनके लिए इस स्कूल को बिल्कुल प्राइवेट स्कूल की तरह बनाना चाहता हूं।इसमें मुझे आप सभी का सहयोग चाहिए।यहां पर जो भी अध्यापक अध्यापिका पढ़ाने के लिए आएंगे।उन सभी की तनख्वाह की जिम्मेदारी अगर हम सभी लोग मिलकर ले लेंगे तो सभी बच्चो का भविष्य सुधर जाएगा। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि किसी भी तरीके से या तो खुद या आप लोगो की सहायता से कुछ फंड इकट्ठा करके इसे शुरू करूँ।वर्मा जी के इस प्रस्ताव से सभी लोग सहमत हो गए।अब सभी लोगों की गलतफहमी दूर हो चुकी थी।वर्मा जी ने आसपास के सभी लोगों के लिए एक बहुत बड़ी मिसाल( नज़ीर )प्रस्तुत की।देश की सभी गरीब बच्चों को भीख में खाना खिलाकर ही काम नहीं चलेगा।अगर उनकी गरीबी दूर करनी है तो उन्हें पढ़ा लिखा कर इस काबिल बनाना होगा कि वह आगे कभी भी भीख ना मांगे।वर्मा जी की बात से सभी सहमत थे और सभी ने इस स्कूल के लिए अपना-अपना जो भी सहयोग हो सकता था देकर शुरू किया।सबका स्कूल सब के सहयोग से आगे बढ़ने लगा।



**नीरज त्यागी**
**ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश ).**

## शीर्षक- कविता के ब्रह्मराक्षस

**विधा- कविता**

भय खाती है आज कविता,
छिप-छिप के आती मुझ सन्मुख।
%कवि-मनु% को आगे करके,
फिर! प्रवृत्त हो जाते शब्द उन्मुख ।

शब्द-जाल का अर्थ-चक्र,
बिन सोचे गढ़ते अर्थ-वक्र।
वर्ण्य-अवर्ण्य विचार शेष,
शब्द जादू छल पाखंड अवशेष ।

यति लय तुक का कोई नाम नहीं,
काव्य के शास्त्र का कोई काम नहीं।
कोई नशेड़ी मधुशाला के प्याला तोड़े,
ब्रह्मराक्षस कविता को ठीक वैसा जोड़े।

मंचों से मधुर-ओज हूँकार भरे!
पर्दे पीछे लक्ष्मी उपकार करें ।
जन-व्यथा का नाम नहीं,
सिवा झूठी व्यस्तता काम नहीं।

भाषा की खिचड़ी करते जाते,
राजनीति में मरते जाते ।
%ज्ञानीचोर% कोविद बनते जाते,
ब्रह्मराक्षस कविता के उड़ते जाते।



**संक्षिप्त परिचय- ज्ञानीचोर**
**शोधार्थी व कवि साहित्यकार**
**मु.पो. रघुनाथगढ़, सीकर,राजस्थान।**
**मो. 9001321438**

## शहरों से अच्छे अपने गांव

शहरों से अच्छे अपने गांव
जहां आज भी प्यार और रिश्ते जिंदा हैं
लोग एक दूसरे की खुशी में हाथ बंटाते हैं
और दुःख में ही साथ खड़े रहते हैं
शहरों जैसे नहीं साथ या
सामने वाले घर का पता नहीं होता
तो दुःख सुख साथ की तो बात ही क्या
गाँव भी आज भी पूरा गाँव
साथ खड़ा हो जाता है
वहां आज भी सादगी,
अपनापन बसता है जो शहरों
की चकाचौंध में लुप्त हो चुकी
है।
धोती, कुर्ता , पाजामा, घाघरा
चोली,
सूट अभी भी सादे लिबास हैं
उनके
दाल रोटी सब्ज़ी सादा खाना
खेतों की खुली हवा
खुले खुले आँगन
शहरों जैसे डिब्बों जैसे घर
ऊंची ऊंची इमारतों में कैद
पिज़्ज़ा, बर्गर, मोमोज़, नूडल्स
न जाने क्या क्या होता खाने में
पहनावा तो पूछो ही नहीं जी
और ताज़गी के नाम पर सिर्फ प्रदूषण
तभी तो सौ बात की एक बात
शहरों से अच्छे अपने गाँव
हो चाहे बात रिश्तों की या ज़िन्दगी की।।



***मीनाक्षी सुकुमारन***
**नोएडा**

# एक बेहद बोल्ड और स्मार्ट लड़की थी 'वरोनिका'



मुंबई । बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपने फिल्मी करियर में कई ऐसे यादगार किरदार निभाए जो लोगों के ज़हन में बस गए। उन सारे किरदारों में से एक किरदार था 'वरोनिका' का। साल 2012 में रिलीज़ हुई कॉकटेल में दीपिका ने 'वरोनिका' का किरदार निभाया था, एक्ट्रेस का ये रोल लोगों के दिमाग पर ऐसा छाया कि लोग एक्ट्रेस के दीवाने हो गए। 'वरोनिका' एक बेहद बोल्ड और स्मार्ट लड़की थी। आज कॉकटेल को रिलीज़ हुए 8 साल हो गए हैं, और एक्ट्रेस ने फिल्म से जुड़ी यादों को फिर ताज़ा किया है। दीपिका इस फिल्म से कितनी जुड़ी हुई हैं इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दीपिका ने न सिर्फ इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर अपनी पुरानी यादों को ताज़ा किया है, बल्कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना नाम भी बदल दिया है। जी हां, दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपना नाम 'वरोनिका' की रख लिया है। इसके अलावा उन्होंने डीपी भी बदलकर वरोनिका की ही फोटो लगा ली है। एक्ट्रेस ने जो वीडियो शेयर किया है उसमे फिल्म की शूटिंग से जुड़े कुछ सीन नजर आ रहे हैं। जिनमें दीपिका, डियाना और सैफ अली ख़ान मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

# टाइगर-3 से एक बार फिर अपने प्रशंसकों का दिल बहलाएंगे सलमान



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से फैंस का दिल बहलाते रहते हैं। सलमान की हर फिल्म मास एंटरटेनर होती हैं, जो हर वर्ग के साथ कनेक्ट कर जाती हैं। इसी के चलते उनकी हर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान स्थापित करती है। एक था टाइगर फ्रेंचाइजी सलमान की बड़ी फिल्मों में शुमार है। साल 2012 में शुरू हुआ सलमान खान का यह सफर 2017 में टाइगर जिंदा है के साथ और बड़ा और बेहतर हो गया था। अब खबर है फिल्म का तीसरा पार्ट भी बनने जा रहा है। इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की गई है, लेकिन ट्विटर पर हैशटैग टाइगर3 ट्रेंड कर रहा है। फैंस को पूरी उम्मीद है कि 2022 में उन्हें सलमान खान से बड़ी ईदी मिलने जा रही है। फैंस अपनी इस खुशी को ट्विटर पर साझा कर रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं सलमान खान ऐसी फिल्में डिजर्व करते हैं। सलमान टाइगर के रूप में जोरदार वापसी करेंगे। दूसरे यूजर ने लिखा, हमे किक 2 के बाद तुरंत टाइगर 3 चाहिए। अब फैंस की यह एक्साइटमेंट हैरान नहीं करती है। एक था टाइगर न सिर्फ बॉलीवुड के लिहाज से बल्कि सलमान खान के लिए भी बड़ी फिल्म है। उनकी इस फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर तो कई रिकार्ड तोड़े ही हैं, इसके अलावा बतौर एक्टर उन्हें भी बेहतरीन मौका दिया है। ऐसे में टाइगर 3 को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्सुक हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि, इस फ्रेंचाइजी में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ भी अहम किरदार में हैं। फिल्म में सलमान के साथ कैटरीना कैफ की केमिस्ट्री चार चांद लगाती है। केमिस्ट्री के अलावा इस फ्रेंचाइजी में कैटरीना ने भी जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज परफॉर्म किए हैं। ऐसे में इसके थर्ड पार्ट में क्या खास देखने को मिलता है, इस पर सभी की नजरें होंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म राधे की तैयारी में लगे हुए हैं। फिल्म का डायरेक्शन प्रभुदेवा कर रहे हैं जिन्होंने इससे पहले दबंग 3 का निर्देशन किया था।

# इश्कबाज की श्रेनु पारिख अस्पताल से घर पहुंची

मुंबइ। टेलीविजन की दुनिया में खौफ पैदा करने वाला कोरोना अब धीरे धीरे राहत दे रहा हैज्ज.. सीरियल इश्कबाज की एक्ट्रेस श्रेनु पारिख को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद अब अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। डिस्चार्ज होने के बाद एक इमोशनल पोस्ट के जरिए श्रेनु ने लिखा है कि कैसे मैं अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करूं। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो इश्कबाज फेम एक्ट्रेस श्रेनु पारिख कोरोना पॉजिटिव पाई गई थीं। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को दी थी। श्रेनु पारिख का इलाज गुजरात के एक अस्पताल में चल रहा था। श्रेनु पारिख ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जिसमें वह हॉस्पिटल के बाहर व्हील चेयर पर बैठी नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मेरे प्यारे एक्सटेंड फैमिली, फ्रेंड्स और मेरे शुभचिंतक! मुझे आप सब लोगों ने इतना प्यार और आशीर्वाद दिया मुझे समझ नहीं आ रहा है कि मैं कैसे आप सभी का शुक्रिया करूं। भगवान की कृपा और आपकी प्रार्थनाओं से मैं बहुत अच्छी तरह से रिकवर हो रही हूं और अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई हूं।



# टाइगर श्रॉफ को स्कूल के दिनों में था श्रद्धा पर क्रश

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ की फिल्म ÷बागी 3÷ सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस ?फिल्म प्रमोशन्स के दौरान टाइगर श्रॉफ ने खुलासा ?किया ?कि श्रद्धा कपूर पर स्कूल के दिनों से क्रश था। टाइगर श्रॉफ ने बताया कि उन्हें श्रद्धा पर बहुत बड़ा क्रश था लेकिन उस वक्त उनमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि वो जाकर श्रद्धा से अपने दिल की बात कह सकें। हालां?कि इस बारे में श्रद्धा को कभी भी पता नहीं चला। इससे पहले, फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन्स के दौरान वरुण धवन ने भी ये बात मानी थी कि कॉलेज के दिनों में उन्हें श्रद्धा पर क्रश हो गया था। बता दें कि टाइगर श्रॉफ पिछले कई दिनों से दिशा पाटनी को डेट कर रहे हैं और वरुण धवन काफी वक्त से नताशा दलाल के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों ही कलाकारों के फैन्स जल्द ही उन्हें शादी के बंधन में देखना चाहते हैं। मगर, ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की है तो वरुण और टाइगर दोनों के ही साथ श्रद्धा की केमिस्ट्री काफी पसंद की जाती रही है। बात करें फिल्म बागी 3 की तो इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।



# सैफ-अमृता के बेटे इब्राहिम ने कराया पहला फोटोशूट, सामने आया डैशिंग लुक

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान यूं तो लाइम लाइट से दूर रहते हैं, लेकिन इन दिनों वह सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। स्वभाव से शर्मीले इब्राहिम ने अब अपनी बहन सारा अली खान की तरह, ग्लैमर की दुनिया में कदम रखते हुए उन्होंने अपना पहला प्रोफेशनल फोटोशूट करवाया। इससे पहले वह सारा के साथ फोटोशूट करवा चुके हैं, लेकिन ऑफिशियली इब्राहिम ने अब जाकर इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। पहले फोटोशूट की तस्वीरें इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वो अलग-अलग अवतारों में नजर आ रहे हैं। यह किसी क्लोदिंग ब्रैंड की लिए कराया गया फोटोशूट है। एक फोटो में इब्राहिम ने डार्क कलर की हुडी पहनी है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह हाईनेक व्हाइट टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। दोनों ही फोटो में इब्राहिम डैशिंग लग रहे हैं। इस फोटोशूट को मिले रिएक्शन की बात करें तो इब्राहिम को देखकर लोग सिर्फ तारीफें ही कर रहे हैं। कोई उनकी जॉ लाइन का दीवाना हुआ जा रहा है, तो उनके लुक्स पर फिदा है। कुछ ने इब्राहिम को अपने पापा सैफ की कॉपी बताया। वहीं, अब देखना होगा कि इस फोटोशूट के बाद इब्राहिम के लिए ग्लैमर की दुनिया के कितने रास्ते खुलते हैं। इब्राहिम ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से अपनी पढ़ाई की है। इब्राहिम अली खान क्रिकेट के दीवाने हैं। वह प्रोफेशनल तौर पर भी क्रिकेट मैच खेलते नजर आए हैं। बीते दिनों उन्होंने अपने एक मैच के दौरान ली तस्वीरें भी शेयर की थीं। इब्राहिम को लेकर ख



# हिमांशी खुराना ने कर ली आसिम रियाज से सगाई

मुंबई। हाल ही में बिग बॉस 13 कंटेंस्टेंट आसिम रियाज से 卐पंजाब की ऐश्वर्या राय卐 हिमांशी खुराना द्वारा सगाई कर लेने की खबर सामने आई है। खबर है ?कि ?हिमांशी ने अपने 10 साल पुराने रिश्ते को तोड़कर आ?सिम से पहले दोस्ती की और फिर धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती ?रिलेशन ?सिप में बदल गई। दरअसल, हिमांशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीरों में हिमांशी की फिंगर रिंग में हीरे की एक खूबसूरत अंगूठी दिखाई दे रही है। ?जिन्हें देखने के बाद लोगों ने अनुमान लगाया ?कि आसिम और हिमांशी ने सगाई कर ली है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। क्योंकि हिमांशी ने इन तस्वीरों के जरिए एक ज्वैलरी ब्रांड का एंडोर्समेंट किया है। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा है ?कि 卐और हां... ऐसी ऑरनाज रिंग्स के लिए हजार बार हां। मैं इस अंगूठी की खूबसूरती को अपनी आंखों से नहीं हटा पा रही हूं और मेरे लिए जो उन्होंने तैयार किया है वो बहुत ही प्यारा है। आसिम रियाज हाल ही में हिमांशी खुराना की मम्मी से उनके घर पर मिले। इस दौरान की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल रही है। इस तस्वीर को हिमांशी खुराना ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की ही है।



# सूर्यवंशी में कैटरीना को कोई नहीं देखेगा वाले रोहित के बयान पर बवाल



मुंबई । एक्शन फिल्मों के निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी का ताजा फिल्म %सूर्यवंशी% को लेकर उनके बयान को लेकर काफी बलाल हो गया है। ऐसे में अब फिल्म की अभिनेत्री कैटरीना कैफ उनके बचाव में सामने आईं हैं। दरअसल फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ने अपने हाल ही के बयान में कहा था कि आने वाली फिल्म में हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिलेगा, जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार, अजय देवगन और रणवीर सिंह माचोमैन वाले अंदाज में नजर आएंगे और फिल्म की हीरोइन कैटरीना कैफ को शायद कोई नहीं देखेगा। सोशल मीडिया पर उनके बयान को लेकर काफी बवाल मचा था, जिसके बाद ट्विटर में हैशटैग शैम ऑन यू रोहित शेट्टी ट्रेंड करने लगा था। इसके बाद खुद कैटरीना कैफ अपने फिल्म के निर्देशक के बचाव में सामने आईं। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से कहा, 卐प्रिय मित्रों और प्रशंसकों..मैं आमतौर पर मीडिया रिपोर्ट्स और लेखों पर टिप्पणी नहीं करती हूं.. लेकिन इस मामले में मुझे कहना पड़ रहा है कि रोहित सर का बयान गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।卐 उन्होंने कहा, 卐मैं उस बयान की बात कर रही हूं, जिसमें रोहित सर ने कहा कि %मुझे फिल्म में कोई नहीं देखेंगा।

# सलमान की कभी ईद कभी दिवाली साउथ फिल्म की हिन्दी रीमेक

मुंबई । जिस दिन से सलमान खान ने अपनी अगली फिल्म %कभी ईद कभी दिवाली% की घोषणा की है, उनके प्रशंसक इस लेकर उत्साहित हैं। खबर हैं कि यह फिल्म एक पॉप्युलर साउथ फिल्म की हिन्दी रीमेक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खबरों की मानें तो फरहाद सामजी ने सलमान खान को यह फिल्म ऑफर की और उन्हें इसका कॉन्सेप्ट काफी पसंद आया। फिल्म को हिन्दू-मुस्लिम वाला इमोशनल एंगल दिया गया है, जो चार भाइयों की कहानी है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अजित स्टारर %वीरम% की रीमेक है। कहा जा रहा है कि मेकर्स ने इस तमिल फिल्म का राइट्स लेने के बाद इसपर फिल्म बनाने का फैसला लिया और जब सलमान ने कहानी सुनी तो वह इस करने को फौरन तैयार हो गए। साजिद नाडियाडवाला डायरेक्टर फरहाद सामजी के साथ स्क्रिप्ट पूरी करने में जुटे में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले माना जा रहा था कि अक्षय कुमार स्टारर %बच्चन पांडे% साउथ फिल्म %वीरम% की रीमेक है और इसका टाइटल पहले %लैंड ऑफ लुंगी% रखा गया था, लेकिन बाद में स्क्रिप्ट को चेंज कर दिया गया। बता दें कि अक्षय कुमार की %लक्ष्मी बम% और सलमान खान की %राधे% इस ईद पर एक-दूसरे के साथ बॉक्स ऑफिस पर भिड़ने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अभिनेत्री पूजा हेगड़े पहली बार सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। साजिद ने कहा है, %हाल में %हाउसफुल 4% में पूजा के साथ काम करने के बाद हमें महसूस हुआ कि इस फिल्म के लिए वह परफेक्ट हैं। उनका स्क्रीन प्रजेंस गजब का है और सलमान के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी। यह जोड़ी कहानी में फ्रेशनेस लाएगी।% सलमान की यह फिल्म ईद 2021 पर रिलीज होगी।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने निगम के अन्तर्गत विभिन्न बाजारों का किया औचक निरीक्षण

## दुकानदार सटर के बार कोई भी सामग्री रखकर न बेंचे, हनुमान चौराहा के चारों तरफसे आने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के निगम के अन्तर्गत विभिन्न बाजारों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। जहां किराना बाजार खुला पाया उसमें उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि दुकान के बाहर किसी भी प्रकार की सामग्री रखकर नहीं बेच सकेंगे। जो भी सामग्री बेचनी है, वह सामग्री सटर के अन्दर ही होनी चाहिये। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को हनुमान चौराहा, स्टेशन रोड़, सदर बाजार, पंसारी बाजार, शंकर बाजार, फाटक बाहर, पॉलीटेक्निक कॉलेज, जीवाजीगंज, बेरियर चौराहा, मेला ग्राउण्ड के सामने हॉकर्स जोन, जौरा रोड़ पर भ्रमण के समय दुकानदारों से कही। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकान पर सैफ्टी बनाये रखने के लिये रस्सी या बल्ली अवश्य बांदे। इसकी प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिये निगम के अधिकारी एवं पुलिस संयुक्त रूप से सघन जांच करेंगी। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह, एसडीएम श्री आरएस बाकना, सीएसपी श्री सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास



ने कहा कि हनुमान चौराहा पर किसी भी प्रकार के वाहन नहीं पहुंचे और स्टेशन, पुल के तिराहा, शंकर बाजार, सब्जी मंडी के चारों तरफ से बेरिगेट्स लगाये जाये, जिससे किसी भी प्रकार के वाहन हनुमान चौराहा पर न पहुंचे। कलेक्टर श्रीमती दास ने समस्त दुकानदारों से अनुरोध किया है कि दुकानदार अपनी दुकान की सीमा में ही बैठकर सामान बिक्री करें। दुकान के बाहर, टेंट, बल्ली, तिरपाल आदि लगी हुई पाई गई तो ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाही होगी। उन्होंने कहा कि फाटक बाहर लगने वाला ठेला मार्केट एवं सब्जी मंडी अब पॉलीटेक्निक कॉलेज के बगल से लगेंगे। उसे दो दिवस के सीमेन्टेट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जीवाजीगंज के अग्रसेन पार्क के समीप आने वाले समय में जब मार्केट पूरी तरह से खुलने लगेंगे, तभी से चाट, पकौड़े के ठेले को अनुमति प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि हॉकर्स जोन, जौरा रोड़ पर सर्किट हाउस के बाउण्ड्री के बगल से खाली पड़ी भूमि पर सीमेन्ट स्लेप कराकर वहां नंबरिंग डालकर ठेलो के लिये स्थान आरक्षित करा दिये जाये। पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने कहा कि बाजार पूरी तरह से बदला हुआ दिखे, सोशल डिस्टेंस का पालन हो। शहर के अंदर किसी भी प्रकार के ठेले नहीं लगाये जाये। रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुये रखी आदि के ठेले शहर के बाहर हॉकर्स जोन आदि में स्थान आरक्षित किये जायेंगे। वहीं पर रखी बिक्रय की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुरैना शहर के अलावा बाहर के यानी धौलपुर, आगरा के दुकानदार को अपना सामान ठेले पर रखकर विक्रय करने की अनुमति नहीं होगी। फाटक बाहर डिवायडर से किसी भी प्रकार के ठेले, सब्जी आदि की दुकान नहीं लगाई जा सकेंगी।

## सहायक आपूर्ति अधिकारी लहार को कमिश्नर ने किया निलंबित

**मुरैना।** लहार जिला भिण्ड में पदस्थ वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा सहायक आपूर्ति अधिकारी को प्रति दिवस कम से कम 1300 आधार सीड कराये जाने हेतु लक्ष्य दिया गया है परन्तु इनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार आधार सीडिंग कराने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। शर्मा के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है कि उनके द्वारा प्रत्येक कार्य के बदले पैसों की मांग की जाती है। वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा का ऑडियो वायरल हुआ है। जिसमें वे लहार में किसी महिला से उसकी जप्त सामग्री को वापस करने के लिये अमर्यादित तरीके से वार्तालाप की गई है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर भिण्ड द्वारा उन्हें निलंबित किये जाने का प्रस्ताव चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा को भेजा था। कलेक्टर भिण्ड के प्रस्ताव के आधार पर चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने सहायक आपूर्ति अधिकारी को उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1) का उल्लंघन होने के, प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला

## प्राकृतिक आपदाओ से उपजे जोखिम कम करने के लिए किसान भाई फसल बीमा करावे

**मुरैना।** प्राकृतिक आपदाओ से फसलों में आने वाले जोखिम को कम करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत किसान भाई अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजनांतर्गत जिला स्तर पर उड़द व मूंग अधिसूचित फसले है, जबकि पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित फसलें धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का व अरहर है। खरीफ फसलो हेतु प्रीमियम राशि स्केल आफ फायनेंस का 2 प्रतिशत जबकि रबी फसलों हेतु प्रीमियम राशि स्केल आफ फायनेंस का 1.5 प्रतिशत देय है। उप संचालक कृषि ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि खरीफ वर्ष 2020 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन स्वैच्छिक किया गया है अर्थात जो ऋणी किसान भाई फसल बीमा नही कराना चाहते हैं वे बीमांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2020 से 7 दिवस पूर्व अर्थात 24 जुलाई 2020 तक अपनी बैंक शाखाओं में लिखित आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर योजना से बाहर हो सकते हैं। बैंक को निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित तिथि तक किसान भाई यदि आवेदन प्रस्तुत नही कर सकेंगे तो ऐसी स्थिति में बैंक कृषको की सहमति मानकर फसलों का फसल बीमा कर सकेंगे। अत: किसान भाईयो से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व बैंक में पहुँचकर अपनी सहमतिध्असहमति आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अधिसूचित क्षेत्रो में अधिसूचित फसले उगाने वाले बटाईदार और कास्तकारो सहित सभी ऋणी व अऋणी किसान अपनी फसलो का बीमा आच्छादन प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलो का बीमा बैंक, लोकसेवा केन्द्र एवं कार्यरत बीमा कंपनी के अधिकृत एजेंट के माध्यम से करवा सकते हैं, जिसके लिए फसल बीमा प्रस्ताव फार्म, आधार कार्ड, पहचान पत्र, भूअधिकार पुस्तिका तथा पटवारी या ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी बोनी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज आवश्यक होंगे। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान भाई क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय अथवा क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

**खरीफ 2020 से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया स्वैच्छिक**

## 13 दुकानदारों पर किया मामला दर्ज

**सबलगढ़ ।** शहर में सुबह 9 बजे से 4 बजे तक दुकान खोलने के आदेश का उल्लंघन करने वाले 13 दुकानदारों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी शेलेन्द्र गोविल ने बताया है कि सूचना मिली कि 4 बजे के बाद भी दुकान संचालित की जा रही हैं। सूचना के बाद शहर में चैकिंग की गई। जिसमें 13 दुकानें खुली पाई गई। हमे मिली जानकारी के अनुसार जिन दुकानदारों पर कार्यवाही की गई है उनमें बाबू श्रीवास कुतघान रोड, गौरव दीवान सन्तर एक किराना दुकान, गिर्राज गोयल सन्तर नंबर एक किराना दुकान, सतीश सिंघल नीलम कालोनी किराना दुकान, मोनू गोयल सन्तर नंबर एक किराना दुकान, असगर खा बड़ा बाजार, नरोत्तम त्यागी बेनीपुरा किराना दुकान, शहजाद खान बस स्टैंड, महेश श्रीवास कुतघान रोड, जगदीश यादव बस स्टैंड स्नैक्स दुकान, कल्लू श्रीवास नीलम कालोनी, बीरबल जाटव बेनीपुरा, नवलकिशोर बंसल किराना जयपुरिया गली शामिल हैं।

## बच्चो के साथ ऑनलाइन उत्पीड़ने होने पर सायबर अपराध रिपोर्टिंग पोट्रल पर शिकायत दर्ज कराए

**मुरैना।** कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन चाइल्ड पोनोग्राफी के बढ़ने के कारण बच्चो के ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलो में वृद्धि के संबंध में सीएसएएम के अध्ययन रिर्पोट में अवगत कराया गया है। यदि किसी बच्चे के साथ किसी भी तरह का ऑनलाइन उत्पीड़न होता है तो राष्ट्रीय सायबर अपराध रिपोर्टिंग पोट्रल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यह रिपोर्ट एचटीटीपीएस सायबर क्राइम डाट जीओवी डाट इन पर अज्ञात रूप से भी दर्ज कराई जा सकी है। इसके साथ ही इस आशय की शिकायत टोलफ्री नंबर 18001027222 पर की जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है। बच्चो के विरूद्ध होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम हेतु बच्चो को सुरक्षित स्पर्श एवं असुरक्षित स्पर्श के बारे में जानकारी देने हेतु यूट्यूब पर उपलब्ध डाक्यूमेंट्री फिल्म कोमल दिखाना चाहिए, इस फिल्म में सरल भाषा में बच्चो को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श को समझाया गया है। लैंगिक हिंसा होने संबंधी शिकायत उपरोक्त के अलावा स्थानीय पुलिस थाने, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई में भी की जा सकती है।

## शांति समिति की बैठक 25 जुलाई को

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक 25 जुलाई 2020 दोपहर 12 बजे टाउनहॉल मुरैना में आयोजित की गयी है। अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा ने बताया कि आगामी दिनों में आने वाले त्यौहार 1 अगस्त को ईदुज्जुहा, 3 अगस्त को रक्षाबंधन, 4 अगस्त को भुजरिया मेला, 12 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 22 से 29 अगस्त तक गणेश चतुर्थी, 29 अगस्त को डोलग्यारस और 30 अगस्त मोहर्रम को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने हेतु तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सोशल डिस्टेंस का विशेष महत्व दिया जाये।

## जनसम्पर्क विभाग की विज्ञापन व्यवस्था हुई ऑनलाइन

**मुरैना।** जनसम्पर्क विभाग द्वारा सभी शासकीय विभागों की निविदा और प्रदर्शन विज्ञापन व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया गया है, सभी विभाग अपने यूजर आईडी का उपयोग करके कचतंकअजणउचपदविण्वतह पर भेज सकेंगे। आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि समाचार माध्यमों और शासकीय विभागों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा विज्ञापन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। यह व्यवस्था लागू होने से शासकीय विभाग अपने मुख्यालय के माध्यम से विभिन्न कार्यों से संबंधित निविदा तथा प्रदर्शन विज्ञापन अब ऑनलाइन भेज सकेंगे। निविदा के प्रकाशन की कार्रवाई होने पर निविदा का जी नंबर और किन-किन समाचार पत्रों में निविदा का प्रकाशन कराया गया है इसकी सूचना भी तुरंत संबंधित विभाग को प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद सभी शासकीय विभागों अपने कार्यों में गति आएगी। इस नवीन व्यवस्था के तहत निविदा प्रकाशन के लिए बाई पोस्ट या संदेश वाहक के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे शासकीय धन और समय की बचत होगी। संचालनालय द्वारा विशेष अवसरों (गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस) पर जारी किये जाने वाले विज्ञापन के लिये अब आवेदन भी ऑनलाइन लिये जाएंगे। विज्ञापन सूची के बाहर के दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं को वर्ष में दो बार दिए जाने वाले विज्ञापनों के लिए आवेदन भी ऑनलाइन किए जा सकेंगे। आवेदन कचतंकअजणउचपदविण्वतह पर 20 जुलाई से 30 जुलाई 2020 तक कर सकेंगे। आवेदन करने में आ रही किसी भी प्रकार की कठिनाई के लिए कार्यालयीन समय में टेलीफोन नंबर 0755-4096300, 4096219 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## इन्सीडेन्ट कमाण्डर एम.एम.यू. टीम के साथ मिलकर कोरोना के कॉन्टेक्ट गैप को शीघ्र ट्रेस करें - कलेक्टर

### कॉन्टेक्ट गैप में लापरवाही पर डॉ. अल्पना का 5 दिवस का वेतन काटने के निर्देश



**मुरैना।** कोरोना का ग्राफजल्द से जल्द कम हो, इसके लिये इन्सीडेन्ट कमाण्डर एम.एम.यू. (मेडीकल मोबाइल यूनिट) मिलकर गैप खत्म करें, जिससे पॉजीटिव के कॉन्टेक्ट में आने वाले व्यक्तियों का शतप्रतिशत सैम्पल हो जायेगा तो कोरोना की चैन अवश्यक टूट जायेगी। कॉन्टेक्ट गैप में डॉ. अल्पना द्वारा फीडिंग कार्य में लापरवाही की, इसलिये गैप 1 जुलाई से लगातार बढ़ता गया। यह संख्या 2 हजार से ऊपर हो चुकी है। इस गैप को शीघ्र खत्म करना होगा। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चिकित्सकों को दिये। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आरसी बांदिल, डीपीएम श्री श्रीवास्तव सहित डॉ. अनुभा, अल्पना सहित समस्त एमएमयू उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 में 4, वार्ड क्रमांक 2 में 3, वार्ड क्रमांक 3 में 64, वार्ड क्रमांक 8 में 39, वार्ड क्रमांक 9 में 43, वार्ड क्रमांक 10 में 56, वार्ड क्रमांक 12 में 56, वार्ड क्रमांक 13 में 71, वार्ड क्रमांक 14 में 30, वार्ड क्रमांक 15 में 46, वार्ड क्रमांक 16 में 59, वार्ड क्रमांक 17 में 54, वार्ड क्रमांक 18 में 177, वार्ड क्रमांक 20 में 284, वार्ड क्रमांक 21 में 147, वार्ड क्रमांक 22 में 183, वार्ड क्रमांक 23 में 98, वार्ड क्रमांक 24 में 97, वार्ड क्रमांक 25 में 45, वार्ड क्रमांक 26 में -3, वार्ड क्रमांक 28 में 7, वार्ड क्रमांक 29 में 31, वार्ड क्रमांक 30 में 32, वार्ड क्रमांक 31 में 46, वार्ड क्रमांक 34 में 15, वार्ड क्रमांक 35 में 42, वार्ड क्रमांक 36 में 42, वार्ड क्रमांक 37 में 2, वार्ड क्रमांक 38 में 37, वार्ड क्रमांक 39 में 89, सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड में 4, शहीद भगत सिंह वार्ड में 56 और वनखण्डी वार्ड में 25 कॉन्टेक्ट टेअसिंग के लोग सैम्पल कराने से छूटे है। इनका सैम्पल कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने एम.एम.यू. डॉ. भगत का वेतन रोकने के के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि काजी के कुंआ वार्ड 20 में 284 लोग पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में आये है, उनके कॉन्टेक्ट वाले लोंगो के सैम्पल दो दिवस में पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि पॉजीटिव व्यक्ति के परिवार या घर पर ताला लगाकर घर से बाहर चले गये है। उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर कराये और उन्हें शीघ्र ढूंड़ा जाये। इस पर निर्देश तहसीलदार को दिये। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट एरिया में जो लोग आ गये है, उनका भी सैम्पल अवश्य करायें।

# टी20 विश्व कप कप स्थगित के बाद आईपीएल के आयोजन की उम्मीदें बढ़ीं



**दुबई।** कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप को स्थगित कर दिया है। आईसीसी ने अपनी बैठक के बाद कहा कि कोविड-19 के कारण टी20 विश्व कप को अगले साल तक के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए इसकी मेजबानी में असमर्थता जतायी थी। सीए ने कहा था कि वर्तमान हालातों में विश्व कप का आयोजन संभव नहीं है। तब आईसीसी ने इंतजार करो की नीति के तहत कहा था कि वह एक महीने में इसपर फैसला करेगा। आईसीसी ने तीन मुख्य टूर्नामेंटों की तारीख में भी बदलाव किया है। इसमें भारत में 2023 में खेले जाने वाला एकदिवसीय विश्व कप भी शामिल है। अब टी20 विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में खेला जाएगा। इसका खिताबी मुकाबला 14 नवंबर 2021 को खेला जाएगा। टी20 विश्व कप के स्थगित होने से अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजना की उम्मीदें बढ़ गयी हैं। अब अक्टूबर नवंबर में आईपीएल के आयोजन के लिए बीसीसीआई को समय मिल सकता है। वहीं साल 2022 में खेले जाने वाला टी20 विश्व कप का आयोजन अक्टूबर-नवंबर 2022 में होगा। इसका फाइनल 13 नवंबर 2022 होगा। इसके अलावा एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन साल 2023 में अक्टूबर-नवंबर में भारत में होगा। और इसका फाइल 26 नवंबर को खेला जाएगा।

## आईपीएल को सबसे बेहतर टी20 लीग मानते हैं सैंटनर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट के प्रशंसक हैं। कीवी स्पिनर मिशेल सेंटनर का मानना है कि आईपीएल युवा क्रिकेटरों के लिए सबसे बेहतर है। इसका कारण यह है कि इस टूर्नामेंट का स्तर अन्य सभी टी20 लीग से अच्छा है। सैंटनर चैन्नई सुपर किंग्स की और से खेलते है। सेंटनर ने कहा, चेन्नई में कुछ विश्व स्तरीय स्पिनर हैं, जिनसे बात करना और उनके साथ खेलना अच्छा लगता है, भारतीय टीम के दिग्गज स्पिर हरभजन सिंह, रवींद्र जडेजा और दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर को मैंने खेलते देखा है। जब मैं पहले साल घायल हो गया था तो मैं बहुत निराश था, पर मुझे पिछली बार मौका दिया गया था कि मैं इसे मैदान पर जाऊं और अनुभव करूं। यह एक अविश्वसनीय टूर्नामेंट है और निश्चित रूप से टी20 लीग के संदर्भ में सबसे अच्छा क्रिकेट है। सेंटनर ने साथ ही कहा है, मैंने धोनी के खिलाफ बहुत मैच खेले हैं, इसलिए उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने और उनसे इस बारे में बात करने काफी अच्छा था। यहां तक कि सुरेश रैना जैसे खिलाड़ी, जिनको आपने खेलते हुए देखा है उनके साथ बल्लेबाजी करना अलग ही अनुभव रहा है।

## एशेज सीरीज की तरह होती है भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज : लायन



**चेन्नै।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लायन को इस साल के अंत में होने वाली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। लॉयन ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तुलना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली एशेज सीरीज से की है। उन्होंने कहा, %यह एशेज के अलावा सबसे अहम सीरीज बनती जा रही है। साथ ही कहा कि इस बार मुकाबला और रोमांचक होगा क्योंक भारत के पास बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है, जिसमें बल्लेबाजों के साथ ही काफी अच्छे गेंदबाज भी हैं। लायन ने माना कि भारत से पिछली घरेलू सीरीज में मिली हार उन्हें अब भी खटक रही है। उन्होंने कहा, %ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए आपको सीरीज या मैच हारना पसंद नहीं होता।% हालांकि वह इस बात को मानते हैं कि भारतीय टीम उनसे कहीं बेहतर थी। कोरोना वायरस के चलते लगी लॉकडाउन में राहत के बाद खेल शुरु होने लगे हैं। इसको देखते हुए लायन ने भी अभ्यास शुरू कर दिया है।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 113 रन से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर हुई



**मैनचेस्टर।** ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को 113 रन से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। पांचवें और अंतिम दिन वेस्टइंडीज को जीत के लिए 312 रनों की जरुरत थी जिसका पीछा करते हुए कैरेबियाई टीम 198 रनों पर ही सिमट गई। अंतिम दिन इंग्लैंड की ओर से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने 57 गेंद में नाबाद 78 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टोक्स के अलावा स्टुअर्ट ब्रॉड ने भी अच्छी गेंदबाजी कर तीन विकेट लिए। ब्रॉड साउथैम्पटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम से बाहर रहे थे। इस मैच में उन्होंने अपनी वापसी को सही साबित किया है। स्टोक्स को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। इंग्लैंड ने अंतिम दिन सुबह दो विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्टोक्स ने तेजी से रन बनाए और टीम ने दूसरी पारी में 11 ओवर में 3 विकेट पर 129 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 469 रन बनाकर पारी घोषित की थी जबकि विंडीज टीम अपनी पहली पारी में 287 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार मेहमान इंडीज टीम को जीत के लिए 312 रनों का लक्ष्य मिला था। विंडीज टीम पांचवें और अंतिम दिन दूसरी पारी में 198 रन ही बना सकी और 113 रनों से मै हार गयी। इंग्लैंड की ओर से ब्रॉड ने 3 विकेट नाम किए, वोक्स ने 2 विकेट लिए और सैम करन को एक विकेट मिला। स्टोक्स ने इस मैच में कुल 254 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 176 रन बनाए जिसके बाद दूसरी पारी में केवल 57 गेंदों पर नाबाद 78 रन का योगदान दिया। वहीं वेस्टइंडीज टीम के लिए शामार ब्रुक्स ने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाये। उन्होंने पहली पारी में 137 गेंदों पर 68 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 62 रन का योगदान दिया।



ओरलैंडो में फुटबॉल मुकाबले के दौरान गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करते हुए फुटबॉलर।

## ओलंपिक पदक जीत सकता है भारत : सरदार सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि मनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली मौजूदा टीम के पास अगले साल टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने का अच्छा अवसर है। भारतीय टीम ने 40 साल पहले मास्को ओलंपिक में अंतिम बार पदक जीता था। उसके बाद से ही उसे स्वर्ण का इंतजार है। भारतीय टीम को अपनी कप्तानी में बेहतर बनाने वाले इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मेरा सफर संतोषजनक रहा क्योंकि मैं ऐसे युग का हिस्सा था जिसमें खेल में नई ताकत आई। 2012 में लंदन ओलंपिक में अंतिम स्थान पर रहने के बाद 2018 में जब मैंने खेल को अलविदा कहा तो भारतीय टीम दुनिया की छठे नंबर की टीम बन गयी थी। उन्होंने कहा, अब मौजूदा टीम की रैंकिंग चौथी है जिससे टोक्यो ओलंपिक के लिए इसका उत्साह बढ़ेगा।

## पूर्व खिलाड़ियों की मांग पर ध्यान दे बीसीसीआई : मल्होत्रा

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) के अध्यक्ष अशोक मल्होत्रा ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा कि उम्रदराज पूर्व खिलाड़ियों की मांग पर ध्यान दें। मल्होत्रा के अनुसार आईसीए ने बीसीसीआई के सामने जो मांगें रखी हैं, उनमें 25 से कम प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले पूर्व खिलाड़ियों के लिये पेंशन, पूर्व क्रिकेटरों की विधवाओं के लिये पेंशन, चिकित्सा बीमा पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख करना आदि शामिल है। मल्होत्रा ने कहा कि अब समय आ गया है जबकि बीसीसीआई को उनकी मांगों पर गौर करना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा, ''बोर्ड में नया अध्यक्ष को आये हुए हो अब पर्याप्त समय हो गया है पर अभी तक पूर्व खिलाड़ियों को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है जबकि आईसीए का गठन पूर्व क्रिकेटरों के कल्याण के लिये किया गया है तथा इनमें से कई 70 साल के हो गये हैं। वे हमेशा इंतजार नहीं कर सकते। ''



# 10 फीसदी कर्मचारियों को निकालेगी इंडिगो




**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के कारण गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने अपने 10 फीसदी कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है। कंपनी के सीईओ रणजय दत्ता ने कहा कि कंपनी इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है और अपना कारोबार जारी रखने के लिए उसे कुछ त्याग करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी संभावित परिस्थितियों पर विचार करने के बाद यह साफ है कि हमें अपने 10 फीसदी कर्मचारियों को निकालना होगा। इंडिगो के सीईओ ने कहा कि यह पहला मौका है जब कंपनी को ऐसी मुश्किल कदम उठाना पड़ रहा है। 31 मार्च, 2019 तक कंपनी के कुल 23,531 कर्मचारी थे। कोरोना महामारी और इससे जुड़े लॉकडाउन के कारण एविएशन सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। देश में करीब दो महीने तक उड़ानों का संचालन पूरी तरह बंद रहा।

## सैंमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में लांच होगा गैलेक्सी फोल्ड 2

**नई दिल्ली।** सैंमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट 5 अगस्त को आयोजित होगा। इवेंट में कंपनी अपनी कई नई डिवाइसेज लांच करेगी। अब कंपनी ने पुष्टि कर दी है कि अनपैक्ड इवेंट में सैंमसंग गैलेक्सी फोल्ड 2 से पर्दा उठाया जाएगा। सैमसंग ने ट्विटर पर एक शॉर्ट विडियो टीजर शेयर किया है। टीजर में एक बटरफ्लाई लोगो हैं,इस सैमसंग ने पिछले साल गैलेक्सी फोल्ड स्मार्टफोन के लिए इस्तेमाल किया था। यह बटरफ्लाई लोगो नए मिस्टिक ब्रॉन्ज़ कलर में दिख रहा है और यह अभी तक इवेंट की हाईलाइट रहा है। गैलेक्सी नोट 20 अल्ट्रा और गैलेक्सी बड्स लाइव को भी इसी सेम कलर में देखा जा चुका है। ऐसा लगता है कि गैलेक्सी फोल्ड 2 को भी मिस्टिक गोल्ड कलर में लांच किया जाएगा।

# डिफाल्टरों ने दबा कर रखे हैं सरकारी बैंकों के 1,47,350 करोड़ रुपए

## -बैंक एसोसिएशन ने जारी की डिफाल्टरों की सूची, 147 खातों में फंसे 67,609 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण की 51वीं वर्षगांठ से एक दिन पहले ऐतिहासिक पहल करते हुए बैंकों के डिफाल्टरों की सूची सार्वजनिक कर दी है। इसमें 200 करोड़ से ऊपर के 147 एकाउंट हैं, और इसमें उनके ऊपर कुल बकाए की राशि 67,609 करोड़ रुपये है। एआईबीईए की इस सूची में गीतांजली जेम्स लिमिटेड पर पंजाब नेशनल बैंक का 4644 करोड़ रुपये, एबीजी शिपयार्ड पर एसबीआई का 1875 करोड़ रुपये, रि एग्रो लिमिटेड पर यूको बैंक का 1745 करोड़ रुपये बकाया बताया गया है, इसमें 845 करोड़ रुपये राइट ऑफ कर दिया गया है। इसके अलावा एसोसिएशन ने एक और सूची जारी की है इसमें अलग-अलग बैंकों की बकाया राशि दिखायी गयी है। इसमें इन डिफाल्टरों पर सबसे ज्यादा बकाया स्टेट बैंक का है। यह कुल 43887 करोड़ रुपये है। दूसरा नंबर पंजाब नेशनल बैंक का आता है, जिसका 22370 करोड़ रुपये बकाया है। तीसरे पर बैंक ऑफ बड़ौदा है, जिसका 14661 करोड़ रुपये डिफाल्टरों को देने हैं। इसी के साथ बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया समेत दूसरे सरकारी बैंकों की राशि भी दी गयी है। इस तरह से इन सरकारी बैंकों का कुल 147350 करोड़ रुपये इन डिफाल्टरों ने दबा कर रखे हैं। इसके साथ ही इन राशियों के डिफाल्टरों की संख्या भी इस सूची में दी गयी है। स्टेट बैंक के कुल 685 डिफाल्टर हैं। जबकि पीएनबी के 325 और बैंक ऑफ बड़ौदा के डिफाल्टरों की संख्या 355 है। इसके साथ ही एसोसिएशन ने अलग से टॉप 33 एकाउंटों का विवरण दिया है। जिन पर 32737 करोड़ रुपये बैंकों के बकाया हैं।



# थाना बहोडापुर पुलिस ने महिला की हत्या कर फरार हुऐ आरोपी को किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** शहर की बहोडापुर पुलिस ने महिला की हत्या कर फरार हुऐ आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन,भापुसे द्वारा गम्भीर अपराध मे फरार आरोपियां की धरपकड़ हेतु ग्वालियर जिले में चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक, शहर-मध्य श्री पंकज पांडे एवं नगर पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर श्री नागेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में थाना प्रभारी बहोड़ापुर उनि श्री दिनेष राजपूत जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विगत दिनां थाना बहोडापुर क्षेत्र मे किले पर मृतका मोहिनी कुषवाह निवासी गुड़गुड़ी का नाका ग्वालियर की धक्का मारकर हत्या करने वाले आरोपी को कम्पू पर देखा गया है उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी बहोड़ापुर ने थाना बल की टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर हत्या के आरोपी को धरदबोचा। पकड़े आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राकेष पुत्र गुलाब सिंह शाक्य निवासी कम्पू ग्वालियर बताया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस द्वारा घटना के संबंध मे पूछताछ की जारही है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के द्वारा हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम को 05 हजार रूपय का नगद पुरूस्कार देने की घोषणा की है। सराहनीय भूमिकाः उक्त हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बहोडापुर उनि0 दिनेषर्सिंह राजपूत, रागिनी परमार, आर0 अरविंद, धर्मेंद्र, अनूप गुर्जर, अभिषेक शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## आज से रात 8 बजे तक खुलेगा बाजार



ग्वालियर. बुधवार से रात 8 बजे तक शहर के सभी बाजार खुले रहेंगे। यह फैसला जिला प्रशासन ने शहर में कोरोना संक्रमण में आई नरमी को देखते हुए लिया है। फैसले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी किशोर कान्याल ने बताया कि शहर के सभी बाजार सोमवार से शनिवार की तक रात 8 बजे खुले रखने का फैसला लिया है और उन्होंने कहा कि चूंकि रविवार को टोटल लॉकडाउन का फैसला राज्य सरकार का है इसलिए रविवार को बाजार बंद रहेंगे। एडीएम ने कहा कि जो 7 दिन का लॉकडाउन लगाया गया उसमें देखने को मिला कि शहर में कोरोना संक्रमण की रफ्तार एकदम से 50 प्रतिशत कम हो गई। जहां 100-100 मरीज आ रहे थे वहीं इनकी संख्या पिछले तीन दिनों में 50 के आसपास रह गई है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि आने वाले समय में संयम से रहें। मास्क लगाकर ही बाजार में आएं। अपने आप को सैनेटाइज करते रहें। भीड़ कहीं भी न करें इससे कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोका जा सकेगा और रियायतों को भी आने वाले समय में जारी रखा जा सकेगा। एडीएम ने साफ किया कि शहर से बाजार जाने और शहर में आने के लिए किसी भी तरह का प्रतिबंध नहीं है।



## तन्वी भदौरिया ने जन्मदिन के मौके पर वृक्ष लगाकर दिया आमजन को संदेश

**ग्वांलियर।** प्रधान मंत्री जन कल्याणकारी योजना के समस्त पदाधिकारियों द्वारा आज शताब्दीपुरम दंदरौआ धाम सिद्ध पीठ पर आज वृक्षारोपण किया गया जिसमें सागर नाती जी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चंबल संभाग प्रभार द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार की पूरी टीम द्वारा 1001 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया । जिन्हें अलग-अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे और उनकी देखरेख के लिए अलग-अलग स्थानों पर पांच पांच सदस्यों की टीम बनाई जाएगी जो उन पौधों की देखरेख करेंगे । वही तन्वी भदौरिया प्रदेश उपाध्यक्ष जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 11 पौधे लगाकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया उनका कहना था कि वृक्ष लगाने से प्राकृतिक सुंदरता बढ़ती है साथ ही लोगों को सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा मिलती है ।। कार्यक्रम में उपस्थित सागर नाती प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चंबल संभाग प्रभारी तन्वी भदौरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कीर्ति मिश्रा प्रदेश सचिव ज्योति चौहान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,पूजा राणा ,विनोद जादौन रविंद्र पवैया चंबल मीडिया प्रभारी प्रदीप शास्त्री जी राहुल ,शुक्ला बाबा जी, आकाश यादव ,सत्येंद्र भदोरिया, दिलीप कुशवाह ,अनुज राजपुरोहित अवधेश राठौर ,शशी राजपूत एवं समस्त पदाधिकारी गण आदि जेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# थाना झॉसी रोड पुलिस ने एक चोर को मय चोरी के मोबाइल सहित किया गिरफ्तार

ग्वालियर 21.07.2020। ज्ञात हो कि दिनांक 30.06.2020 को फरियादी मंजीत सिंह पुत्र गुरूचरण सिंह उम्र 61 साल निवासी बी-26, हरिषंकरपुरम ने थाना झॉसीरोड पर आकर सूचना दी कि सुबह 7:30 बजे मेंने अपने घर का दरवाजा खोलते समय अपना मोबाइल शू रैक के उपर रख दिया था और में अन्दर चला गया फिर 8:00 सतीष पाल दूधवाला दूध देने आया, में दूध लेकर अन्दर चला, फिर मे अपना मोबाइन आई फोन 7 प्लस जो मेने शू रैक के पास रखा था जिसे लेनं गया तो मोबाइल वहॉ नही मिला अतः मुझे शक हुआ कि मेरा मोबाइल दूधवाला सतीष पाल ने ही चुराया है। उक्त सूचना पर से थाना झॉसीरोड़ में चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। दिनांक 20.07.2020को थाना प्रभारी झॉसीरोड़निरी0रमेष शाक्य कोजरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुईविगत दिनों थाना झॉसीरोड क्षेत्र में दिनांक 30.06.2020 को मोबाइल चोरी करने वाले सन्देही चोर को गदाईपुरा, शमषान घाट, हजीरा के आसपास देखा गया है। उक्त सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी झॉसीरोडने थाना बल की टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर एक चोर को धरदबोचा। गिरफ्तार चोर से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सतीष पाल पुत्र जगदीष पाल उम्र 18 साल निवासी षिवनगर, गदाईपुरा, हजीरा बताया।गिरफ्तार चोर से सक्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने दिनांक 30.06.2020 को मंजीत सिंह के घर से एप्पल आई फोन 7 प्लस फोन चोरी किया था। गिरफ्तार चोर की निषांदेही पर उसके घर की अलमारी से आई फोन 7 प्लस फोन को बरामद कर लिया गया।



सराहनीय भूमिकाः उक्त शातिर चोर को गिरफ्तार करने मेंथाना प्रभारी झॉसीरोड़ निरी0रमेष शाक्य,प्र0उनि0 राहुल सेंधव, आर0 कपिल शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा एवं मआर0 दिव्या की सराहनीय भूमिका रही।

## एमपीसीसीआई की ओर से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराये गये कोविड-19 के पोस्टर





**ग्वालियर।** आज एमपीसीसीआई द्वारा महिला बाल विकास अधिकारी श्री शील शर्मा जी को कोविड-19 के घर के बाहर चिपकाये जाने वाले 10 हजार पोस्टर प्रदान किये गये। इस अवसर पर चेम्बर के संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल, सन्नी यलो पेजेज के संचालक-सुनील अग्रवाल 'सन्नी', पवन अग्रवाल, अनिल सांखला, संजय जैन आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जब विगत दिवस अखबार में प्रकाशित हुआ कि कोविड-19 के पर्चे जो क्वारेंटाइन वाले घर को चिन्हित करने के लिए लगाये जाते हैं, उनका अभाव है तो एमपीसीसीआई की सदस्य फर्म-सन्नी यलो पेजेज के संचालक सुनील अग्रवाल जी ने अपने पास से निःशुल्क 10 हजार पर्चे/स्टिकर देने की इच्छा जाहिर की और आज वह प्रकाशित कराकर महिला बाल विकास अधिकारी-श्री शील शर्मा जी को सौंप भी दिये। सन्नी यलो पेजेज के संचालक सुनील अग्रवाल जी के कोरोना काल में दिये गये इस योगदान के लिए एमपीसीसीआई उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

## राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झा ने केन्द्रीय मंत्री तोमर के छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, मध्यप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री गण कमल पटेल , मोहन सिंह यादव, बृजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल, गुना सांसद केपी यादव और विधायक रमेश मेंदोला, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी उदय अग्रवाल ने आज ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के आवास पर पहुँचे और उनके छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के अनुज स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर (मुन्नू भैया) के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की और शोक संतृप्त परिवार को यह घोर दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, मधुसूदन सिंह भदौरिया, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## बस चालक फांसी पर झूला

**ग्वालियर।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित प्राइवेट बस स्टैंड परिसर में एक बस चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली! मृतक लॉकडाउन के कारण बसों का संचालन न होने से परेशान था! पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह झांसी रोड थाने को सूचना मिली कि बस स्टैंड परिसर में एक युवक का शव फांसी पर लटक रहा है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई! और वहां से एक युवक के शव को कब्जे में लिया मृतक की शिनाख्त मुन्ना खान 55 साल बस चालक के रूप में हुई! मुन्ना खाकर सब सुबह सफाई करमचारी ने फांसी पर लटकते देखा था! प्रारंभिक जांच में पता चला कि लॉकडाउन के कारण बसें नहीं चलने से मुन्ना खान परेशान था पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

## शराब की दुकान के ताले तोड़ रहा चोर दबोचा

**ग्वालियर।** गोला का मंदिर थाना पुलिस ने शराब की दुकान के ताले तोड़ रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में धर्मवीर पेट्रोल पंप के सामने आंसुओं से भरे की शराब की दुकान है! बीती रात एक युवक शराब के ताले तोड़ रहा था तभी लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी! मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से एक युवक को दबोच लिया! पकड़े गए युवक का नाम गोपाल लोधी ने बताया गया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है!

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478